आषाढ़ कृष्णा - 7 | संवत 2081 | वर्ष - 11 | अंक - 329 | पृष्ठ - 8 | रु. 5/- | चेन्नई » शुक्रवार » 28-06-2024 | www.dakshinbharat.com | Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 असम में लोगों का एक वर्ग अशांति उत्पन्न कर रहा : हिमंत

6 राहुल गांधी का कद भी बढ़ा एवं राजनीतिक कौशल भी

7 'आयरनमैन रेस' के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं सैयामी खेर



## फर्स्ट टेक

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पांच आतंकवादियों की संपत्ति कुर्क की

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पांच आतंकवादियों की एक करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। ये सभी पाकिस्तान से आतंकवादियों को दिशा-निर्देश देने में लिप्त हैं। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, बारामूला पुलिस ने माननीय न्यायालय बारामूला द्वारा पारित कुर्की के आदेश के अनुरूप पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों के पांच आकाओं की एक करोड़ रुपये की 1.125 एकड़ जमीन कुर्क कर ली है। बयान में कहा गया है, पुलिस द्वारा की गई जांच के दौरान यह पता चला कि यह संपत्ति आतंकवादियों की है। अधिकारियों ने बताया कि इन आतंकवादियों की पहचान बशीर अहमद गनी, मेहराजुद्दीन लोन, गुलाम मोहम्मद याटू, अब्दुल रहमान भट और अब्दुल राशिद लोन के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 83 के तहत की गई तथा आतंकवादियों को 2008 में दर्ज एक मामले में आरोपी बनाया गया।

### केंद्र ने आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव का कार्यकाल छह माह बढ़ाया

**अमरावती/भाषा।** केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव नीरव कुमार प्रसाद का कार्यकाल 31 दिसंबर तक छह माह के लिए बढ़ा दिया है। प्रसाद 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले थे। बृहस्पतिवार को एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, ''केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश के मुख्य सचिव नीरव कुमार प्रसाद का कार्यकाल छह माह के लिए बढ़ा दिया है।'' राज्य सरकार ने 16 जून को केंद्र को पत्र लिखकर कार्यकाल बढ़ाने का अनुरोध किया था, जिसके जवाब में केंद्र ने एक जुलाई से 31 दिसंबर तक कार्यकाल बढ़ा दिया है।

### उ कोरिया ने बहु-युद्धक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया

**प्योंगयांग/एजेन्सी।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को बहुयुद्धक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। उत्तर कोरिया सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि परीक्षण में 170 से 200 किलोमीटर के दायरे में एक मध्यवर्ती दूरी की ठोस-ईंधन बैलिस्टिक मिसाइल के पहले चरण के इंजन को शामिल किया गया जो व्यक्तिगत मोबाइल वारहेड्स की अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करने और उड़ान विशेषताओं को मापने के लिए अनुकूल है।

28-06-2024 सूर्यास्त 6:38 बजे | 29-06-2024 सूर्योदय 5:45 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 79,243.18 (+568.93) | 24,044.50 (+175.70) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,387 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | 96,000 रु. प्रति किलो |

# भारत विश्वबंधु के रूप में दुनिया को नया भरोसा दे रहा है : राष्ट्रपति

## 18वीं लोकसभा में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति ने किया संबोधित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि ''भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा'' (आईएमईसी) 21वीं सदी के ''सबसे बड़े परिवर्तनकारी कारकों'' (गेमचेंजर) में से एक साबित होगा। मुर्मू ने यह भी कहा कि 21वीं सदी के इस तीसरे दशक में आज 'ग्लोबल ऑर्डर' (वैश्विक अनुक्रम) एक नई शक्ल ले रहा है और सरकार के प्रयासों से आज भारत 'विश्वबंधु' के रूप में दुनिया को नया भरोसा दे रहा है।

वह 18वीं लोकसभा में पहली बार संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मानव-केंद्रित रुख की वजह से ही भारत किसी भी संकट के समय में मदद का हाथ बढ़ाने वाला पहला देश बनकर सामने आता है और यह 'ग्लोबल साऊथ' की बुलंद आवाज बना है।



### रिकॉर्ड मतदान के जरिए कश्मीर घाटी ने देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली/भाषा।** हाल में हुए संसदीय चुनाव के दौरान जम्मू कश्मीर में मतदान के कई रिकॉर्ड टूटने का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि इन चुनाव के जरिए घाटी ने देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया है।

मुर्मू ने 18वीं लोकसभा में पहली बार दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि अब भारत के भूभाग जम्मू-कश्मीर में भी संविधान पूरी तरह लागू हो गया है, जहां संविधान के अनुच्छेद 370 की वजह से स्थितियां कुछ और थीं।

अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्राप्त था और केंद्र सरकार ने पांच अगस्त, 2019 को उसे निरस्त कर दिया था और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था।

राष्ट्रपति ने कहा, ''ये दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। करीब 64 करोड़ मतदाताओं ने उत्साह और उमंग के साथ अपना कर्तव्य निभाया है। इस बार भी महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर मतदान में हिस्सा लिया। इस चुनाव की बहुत सुखद तस्वीर जम्मू-कश्मीर से भी सामने आई है।''

### पेपर लीक के दोषियों को सजा मिलेगी, आपातकाल काला अध्याय

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को संविधान के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता जताते हुए आपातकाल की निंदा की और इसे संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय बताया। उन्होंने परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की हालिया घटनाओं की जांच कराने और दोषियों को सजा दिलाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि आगामी आम बजट में कई ऐतिहासिक कदम उठाये जाएंगे एवं प्रमुख आर्थिक निर्णय लिए जाएंगे।

अठारहवीं लोकसभा में पहली बार संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि उनकी सरकार देश के युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने में सक्षम बनाने के लिए माहौल तैयार करने का काम कर रही है।

जिस वक्त वह शिक्षा के मोर्चे पर सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र कर रही थीं, उस वक्त विपक्ष के कुछ सदस्यों को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में कथित अनियमितताओं को लेकर नारे लगाते सुना गया। राष्ट्रपति ने कहा, ''अगर किसी कारण से परीक्षाओं में बाधा आती है तो यह उचित नहीं है। सरकारी भर्तियों और परीक्षाओं में शुचिता और पारदर्शिता बहुत जरूरी है।'' उन्होंने कहा, ''सरकार पेपर लीक होने की हालिया घटनाओं की निष्पक्ष जांच करने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।'' राष्ट्रपति ने कहा कि पहले भी कुछ राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने इस संदर्भ में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय स्तर पर कड़े कदम उठाने की आवश्यकता भी जताई। राष्ट्रपति ने कहा कि संसद ने भी पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है।

### 'आयुष्मान भारत' के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों का भी हो सकेगा मुफ्त इलाज

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को भी मिलेगा। उन्होंने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में कहा कि देश में 25 हजार जन औषधि केंद्रों को खोलने का काम भी तेजी से चल रहा है। मुर्मू ने कहा, ''सरकार 55 करोड़ लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि अब इस क्षेत्र में सरकार एक और निर्णय लेने जा रही है। उन्होंने कहा ''अब आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को भी मिलेगा।'' आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) दुनिया की सबसे बड़ी, सरकार द्वारा वित्तपोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है जिसमें देश के 12 करोड़ निम्न आय वाले परिवारों को इलाज के लिए प्रति वर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है।



## 'अभ्यास' के उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/बालासोर/भाषा।** भारत ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से देश में विकसित 'अभ्यास' नाम के 'हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट' के उड़ान परीक्षणों की श्रृंखला को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

'अभ्यास' को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा मिसाइल प्रणालियों के परीक्षण के लिए लक्ष्य के रूप में विकसित किया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डीआरडीओ ने चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से उन्नत 'बूस्टर कॉन्फ़िगरेशन' के साथ 'हाई स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट' (हीट) नामक 'अभ्यास' के लगातार छह परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। मंत्रालय के मुताबिक, सफल उड़ान परीक्षणों ने 'अभ्यास' प्रणालियों के उत्पादन का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। विज्ञप्ति के मुताबिक, इसी के साथ 'अभ्यास' ने प्रणाली की विश्वसनीयता को प्रदर्शित करते हुए 10 विकासात्मक परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं।

## जे पी नड्डा बने राज्यसभा में सदन के नेता, प्रधानमंत्री का जताया आभार

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को बृहस्पतिवार को राज्यसभा में सदन का नेता नियुक्त किया गया। सभापति जगदीप धनखड़ ने उच्च सदन में इसकी घोषणा की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के बाद जब उच्च सदन की बैठक प्रारंभ हुई तो सभापति धनखड़ ने नड्डा को उच्च सदन का नेता घोषित किया।



नड्डा इसी वर्ष गुजरात से निर्वाचित होकर उच्च सदन में पहुंचे हैं और उनका कार्यकाल 2030 तक है। नड्डा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा रासायनिक एवं उर्वरक मंत्री भी हैं। इससे पहले भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल राज्यसभा में सदन के नेता थे। गोयल के लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के कारण उच्च सदन के नेता का पद रिक्त हो गया था।

बाद में 'एक्स' पर एक पोस्ट में नड्डा ने नई जिम्मेदारी के लिए सभापति धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा, ''मैं अत्यंत समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रतिज्ञा करता हूं और जनता से संबंधित मुद्दों को चर्चा और समाधान के लिए प्राथमिकता दूंगा। जय हिंद!''

### मुलाकात



केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात में विशेष पैकेज और राज्य के लिए अधिक उधारी की मंजूरी जैसी मांगें रखीं। इस दौरान केरल की मांगों के बारे में सीतारमण को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बालगोपाल ने कहा कि केरल राजकोषीय मजबूती की राह पर है लेकिन केंद्र से राजस्व हस्तांतरण में कमी और उधारी से जुड़ी बंदिशों के कारण उसे गंभीर वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को एम्स से दी गई छुट्टी

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को



बृहस्पतिवार को एम्स अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी (96) की तबीयत बिगड़ने पर बुधवार रात उन्हें करीब साढ़े दस बजे यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के पुराने निजी वार्ड में भर्ती कराया गया था। लालकृष्ण आडवाणी की मूत्रविज्ञान, हृदयरोग विज्ञान और जेरिएट्रिक मेडिसिन सहित विभिन्न विशेषज्ञों ने जांच की।

## सीबीआई ने नीट-यूजी मामले में पटना से दो लोगों को हिरासत में लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में बृहस्पतिवार को पहली बार गिरफ्तारियां कीं और पटना से दो लोगों को हिरासत में लिया।

अधिकारियों ने बताया कि मनीष कुमार और आशुतोष कुमार ने परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को सुरक्षित परिसर कथित तौर पर मुहैया कराए जहां उन्हें लीक हुए प्रश्नपत्र तथा उत्तर पुस्तिकाएं दी गईं। उन्होंने कहा कि दोनों को



पटना में विशेष अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई अब पूछताछ के लिए उनकी हिरासत मांगेगी। उन्होंने बताया कि आशुतोष कुमार ने कथित तौर पर पटना में 'लर्न ब्वॉयज हॉस्टल एंड प्ले स्कूल' किराए पर लिया था, जहां से बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने नीट-यूजी के आधे जले हुए प्रश्नपत्र बरामद किए थे। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने पाया है कि आशुतोष कुमार को पता था कि परिसर का इस्तेमाल नीट अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### सुप्रीम मत

स्पीकर हो निष्पक्ष,
तभी होगा सब समुचित।
होंगे सभी फैसले,
उनके तब न्यायोचित।
किसी एक दल से
वो ना होवे अनुबंधित।
कर पाएगा सदन,
तभी जन को सम्मोहित।।

## मालदीव में राष्ट्रपति मुइज्जू पर 'काला जादू' करने के आरोप में दो मंत्री गिरफ्तार : रिपोर्ट



**माले/भाषा।** मालदीव पुलिस ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर काला जादू करने के आरोप में दो मंत्रियों को गिरफ्तार किया है। स्थानीय मीडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने पुलिस के हवाले से बताया कि पर्यावरण मंत्रालय में राज्य मंत्री शमनाज सलीम, शमनाज के पूर्व पति एवं राष्ट्रपति कार्यालय में मंत्री के रूप में कार्यरत एडम रमीज के अलावा दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, पुलिस ने काले जादू के कारणों या कथित प्रदर्शन के बारे में कोई भी जानकारी साझा करने से इनकार कर दिया। न्यूज पोर्टल 'सन डॉट एमवी' की रिपोर्ट के मुताबिक, ''शमनाज को रविवार को दो अन्य व्यक्तियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। तीनों को सात दिनों की हिरासत में भेज दिया गया है। पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार बुधवार को उन्हें उनके पद से निलंबित कर दिया गया था।'' एडम रमीज को भी बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया गया।

## बोलीविया में सैन्य तख्तापलट की कोशिश नाकाम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ला पाज/एपी।** बोलीविया की राजधानी में बृहस्पतिवार को सेना के एक शीर्ष जनरल के नेतृत्व में सैनिकों ने राष्ट्रपति भवन पर धावा बोल दिया और फिर तुरंत पीछे हट गए। इस पूरे घटनाक्रम को देश में सैन्य तख्तापलट की नाकाम कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

राजधानी में कुछ समय के लिए फैली अशांति के बाद धीरे-धीरे शांति लौट रही है। इस घटना के कारण लंबे समय से संकटग्रस्त दक्षिण अमेरिकी देश में अराजकता फैलने का खतरा पैदा हो गया था।

बुधवार को 1.20 करोड़ की आबादी वाला राष्ट्र हैरत और हैरानी में था, जब बख्तरबंद वाहनों के सेना के काफिले ने राष्ट्रपति लुइस एर्से की



सरकार को हटाकर तख्तापलट करने की कोशिश की। सेना ने राजधानी के प्रमुख चौराहे पर बख्तरबंद वाहनों के दम पर नियंत्रण कर लिया, राष्ट्रपति भवन पर टैंक से हमला कर दिया तथा सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े।

देश के सेना प्रमुख जनरल जुआन जोस जुनिगा ने राष्ट्रपति भवन से संवाददाताओं के एक समूह को संबोधित करते हुए ''लोकतंत्र को बहाल करने'', मंत्रिमंडल को बदलने और राजनीतिक कैदियों को रिहा करने की शपथ ली। लेकिन, जब विपक्षी नेताओं ने इस तख्तापलट की कोशिश की निंदा की, तो यह स्पष्ट हो गया कि इस तख्तापलट को कोई सार्थक राजनीतिक समर्थन नहीं मिला है। राष्ट्रपति लुइस एर्से ने अडिग रहने का प्रण लिया, साथ ही सेना के एक नए कमांडर की नियुक्ति की जिसने सैनिकों को पीछे हटने का आदेश दिया। बाद में सैनिक पीछे हट गए। इस बीच, राष्ट्रपति के सैकड़ों समर्थक 'सेंट्रल स्क्वायर' में एकत्र हुए और उन्होंने देश के ध्वज लहराए।

घटना से संबंधित एक वीडियो में राष्ट्रपति एर्से सरकारी भवन में मंत्रियों से घिरे हुए और यह कहते दिखते हैं, '' हम यहां कासा ग्रैंड में हैं और सैन्य तख्तापलट की किसी भी कोशिश का मुकाबला करने के लिए तैयार हैं।

### नीट स्नातक मामला: ओएमआर शीट को लेकर एनटीए को नोटिस जारी

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जानना चाहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2024 में शामिल हुए अभ्यर्थियों को दी गई ओएमआर शीट से संबंधित शिकायतों को उठाने के लिए कोई समयसीमा है या नहीं। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने एक निजी कोचिंग सेंटर और कुछ नीट अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल नई याचिकाओं पर एनटीए को नोटिस जारी किया तथा इन याचिकाओं पर सुनवाई लंबित मामलों के साथ आठ जुलाई के लिए निर्धारित कर दी।

# सरकार ने कृषि सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सभी पहलुओं पर जोर दिया है : राष्ट्रपति मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार किसानों की खेती पर लागत कम करने और उनकी आय बढ़ाने के अपने प्रयास के तहत प्राकृतिक खेती और इससे जुड़े उत्पादों की आपूर्ति शृंखला को सशक्त कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 10 साल में सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हर पहलू पर अत्यधिक जोर दिया है।

मुर्मू ने 18वीं लोकसभा में पहली बार संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया भर में आजकल 'ऑर्गेनिक' उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है और भारत के किसानों के पास इस मांग को पूरा करने की भरपूर क्षमता है। उन्होंने कहा, ''इसलिए सरकार प्राकृतिक खेती और इससे जुड़े उत्पादों की आपूर्ति शृंखला को सशक्त कर रही है। ऐसे प्रयासों से किसानों का खेती पर होने वाला खर्च भी कम होगा और उनकी आय भी बढ़ेगी।''



राष्ट्रपति ने कहा कि आज का भारत, अपनी वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपनी कृषि व्यवस्था में बदलाव कर रहा है। उन्होंने कहा, ''हम ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर हों और ज्यादा से ज्यादा निर्यात से किसानों की आमदनी बढ़े, इस सोच के साथ नीतियां बनाई गई हैं, निर्णय लिये गए हैं।'' उन्होंने इस सिलसिले में दलहन और तिलहन में दूसरे देशों पर निर्भरता कम करने के लिए देश के किसानों को हरसंभव मदद देने की अपनी नीतियों का उल्लेख किया। मुर्मू ने कहा कि वैश्विक बाजार में किस तरह के खाद्य उत्पादों की मांग ज्यादा है, उसके आधार पर नई रणनीति बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि गांवों में कृषि आधारित उद्योगों, डेयरी और मत्स्य पालन आधारित उद्योगों का विस्तार किया जा रहा है और इसमें भी सहकारिता को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा, ''सरकार किसान उत्पाद संघ (एफपीओ) और प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) जैसे सहकारी संगठनों का एक बड़ा नेटवर्क बना रही है।''

राष्ट्रपति ने कहा कि छोटे किसानों की बड़ी समस्या भंडारण से जुड़ी होती है और इसलिए सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना पर काम शुरू किया है। उन्होंने कहा कि किसान अपने छोटे खर्चे पूरे कर सकें, इसके लिए 'पीएम किसान सम्मान निधि' के तहत उन्हें तीन लाख 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा राशि दी जा चुकी है।

उन्होंने कहा, ''सरकार के नये कार्यकाल के शुरुआती दिनों में ही किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है।'' मुर्मू ने कहा कि सरकार ने खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में भी रिकॉर्ड वृद्धि की है। उन्होंने 'श्री अन्न' की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, ''हमारे मोटे अनाज (श्री अन्न) की पहुंच 'सुपरफूड' के तौर पर दुनिया के कोने-कोने में हो, इसके लिए भी अभियान चल रहा है।'' उन्होंने कहा कि भारत की पहल पर ही पूरी दुनिया ने वर्ष 2023 में 'अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष' मनाया है।




## आम आदमी पार्टी ने संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के संसद सदस्यों ने अपनी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में बृहस्पतिवार को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण का बहिष्कार किया।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित आबाकारी नीति घोटाले की जांच के सिलसिले में बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया।

'आप' के सांसदों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार किया और दावा किया कि यह अभिभाषण केंद्र सरकार ने लिखा है। साथ ही उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रपति का पूरा सम्मान करते हैं। उन्होंने केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ संसद के बाहर प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि यह ''जांच एजेंसियों का घोर दुरुपयोग है।'' उन्होंने 'ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग बंद करो', 'तानाशाही नहीं चलेगी', 'केजरीवाल को रिहा करो' की तख्तियों के साथ प्रदर्शन किया और 'पीएम जवाब दो' जैसे नारे लगाए।

'आप' सांसद संजय सिंह ने प्रदर्शन के दौरान कहा, ''यह तानाशाही के खिलाफ प्रदर्शन है। यह प्रदर्शन संविधान तथा लोकतंत्र को बचाने के लिए है। एक निर्वाचित मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया और जेल में डाल दिया गया। हम प्रधानमंत्री से जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को बंद करने तथा केजरीवाल को रिहा करने के लिए कह रहे हैं।''

सिंह ने कहा, ''हम राष्ट्रपति के अभिभाषण का बहिष्कार कर रहे हैं क्योंकि इसे सरकार ने लिखा है। हम चर्चा में भाग लेंगे और सरकार को नींद से जगाने का काम करेंगे।''

## प्रधानमंत्री ने वैश्विक स्तर पर प्रगति के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों की सराहना की

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर प्रगति करने के लिए बृहस्पतिवार को भारतीय विश्वविद्यालयों की सराहना की और कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के उत्साहजनक परिणाम मिल रहे हैं। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारत के विश्वविद्यालयों को वैश्विक मंच पर प्रगति करते देखकर अच्छा लगा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के उत्साहजनक परिणाम मिल रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम अपने शैक्षणिक संस्थानों को समर्थन देना जारी रखेंगे और विकास एवं नवोन्मेष के लिए अवसर मुहैया कराएंगे। इससे हमारे युवाओं को काफी मदद मिलेगी।''लंदन स्थित टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग के मुख्य वैश्विक मामलों के अधिकारी फिल बैटी के एक पोस्ट पर प्रधानमंत्री ने यह प्रतिक्रिया दी। बैटी ने कहा था, ''टाइम्स हायर एजुकेशन विश्व रैंकिंग में भारत बढ़ रहा है जो दिखाई भी दे रहा है। यह उल्लेखनीय है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंतरराष्ट्रीयकरण सुधारों से प्रेरित है।

## पूर्वोत्तर को 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत रणनीतिक 'गेटवे' बनाने के लिए काम कर रही सरकार : राष्ट्रपति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए पिछले 10 वर्ष में आवंटन में 4 गुना से अधिक की वृद्धि की है और वह इस क्षेत्र को 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत रणनीतिक 'गेटवे' बनाने के लिए काम कर रही है।

लोकसभा कक्ष में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि पहली बार देश में अंतर्देशीय जलमार्गों के विकास पर इतने व्यापक रूप से काम शुरू हुआ है और इसका बड़ा लाभ पूर्वोत्तर क्षेत्र को मिलेगा। उन्होंने कहा, ''मेरी सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए पिछले 10 वर्ष में आवंटन में 4 गुना से अधिक की वृद्धि की है। सरकार इस क्षेत्र को 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत रणनीतिक 'गेटवे' बनाने के लिए काम कर रही है।''

राष्ट्रपति ने कहा, 'पूर्वोत्तर क्षेत्र में हर तरह की कनेक्टिविटी को बढ़ाया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, रोजगार, हर क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। असम में 27 हज़ार करोड़ रुपए की लागत से सेमीकंडक्टर संयंत्र लगाया जा रहा है। यानी पूर्वोत्तर क्षेत्र 'मेड इन इंडिया चिप्स' का भी केंद्र बनने वाला है।''

क्षेत्र में विगत दिनों हुई अशांति की घटनाओं का जिक्र करते हुए मुर्मू ने कहा कि सरकार उत्तर पूर्व में स्थायी शांति के लिए निरंतर काम कर रही है और पिछले दस वर्ष में अनेक पुराने विवादों को हल किया गया है, अनेक अहम समझौते हुए हैं।

उन्होंने कहा, ''उत्तर पूर्व में अशांत क्षेत्रों में तेज विकास करके चरणबद्ध तरीके से आफ्स्पा (सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम) हटाने का काम भी जारी है।''

## सरकार दंड की जगह न्याय को प्राथमिकता दे रही, सीएए के तहत नागरिकता मिलना प्रारंभ : मुर्मू

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सरकार संविधान की मूल भावना को ध्यान में रखते हुए 'दंड' की जगह 'न्याय' को प्राथमिकता दे रही है और एक जुलाई से नये आपराधिक कानूनों को लागू किया जाना इसका परिचायक है। मुर्मू ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू कर दिया है और इससे, देश के बंटवारे से पीड़ित अनेक परिवारों के लिए सम्मान का जीवन जीना तय हुआ है। उन्होंने 18वीं लोकसभा में पहली बार संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में कहा कि एक जुलाई से देश में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) भी लागू हो जाएगी। राष्ट्रपति ने कहा कि अंग्रेजी राज में गुलामों को दंड देने की मानसिकता थी और दुर्भाग्य से आजादी के कई दशकों बाद तक गुलामी के दौर की यही दंड व्यवस्था चलती रही। इसे बदलने की चर्चा कई दशकों से की जा रही थी, लेकिन यह साहस भी मौजूदा सरकार ने ही करके दिखाया है। उन्होंने कहा, ''अब दंड की जगह न्याय को प्राथमिकता होगी, जो हमारे संविधान की भी भावना है। इन नये कानूनों से न्याय प्रक्रिया में तेजी आएगी।''

राष्ट्रपति ने कहा, ''आज जब देश अलग-अलग क्षेत्रों में गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पा रहा है तब यह (न्याय व्यवस्था में बदलाव) उस दिशा में बहुत बड़ा कदम है और यह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि भी है।'' देश में मौजूदा आपराधिक कानूनों भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में संशोधन करके 'दंड' के बजाय उनमें 'न्याय' को प्राथमिकता दी और उनके स्थान पर संशोधित कानून, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) एक जुलाई से लागू किये जाएंगे। मुर्मू ने कहा कि सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू कर दिया है और इससे बंटवारे से पीड़ित अनेक परिवारों के लिए सम्मान का जीवन जीना सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने कहा, ''जिन परिवारों को सीएए के तहत नागरिकता मिली है मैं उनके बेहतर भविष्य की कामना करती हूं।'' सीएए के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र का पहला सेट 15 मई को दिल्ली में 14 लोगों को जारी किया था। इसके बाद, केंद्र सरकार ने प. बंगाल, हरियाणा, उत्तराखंड और भारत के अन्य हिस्सों में शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान की।

## आईआईटी, आईआईएम जैसे संस्थानों को और मजबूत बनाने, उनकी संख्या बढ़ाने के प्रयास जारी : राष्ट्रपति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसे प्रतिष्ठानों को मजबूत करने और आवश्यकता के अनुसार उनकी संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है।

संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि भारतीय भाषाओं में पढ़ने वाले छात्रों को पहले असहज स्थिति का सामना करना पड़ता था, लेकिन नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के लागू होने के साथ सरकार ने इसे दूर किया है।

मुर्मू ने 18 वीं लोकसभा में अपने पहले संबोधन में कहा, ''विगत 10 वर्षों में देश में 7 नए आईआईटी, 16 आईआईआईटी (भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान), 7 आईआईएम, 15 नए एम्स, 315 मेडिकल कॉलेज और 390 विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। मेरी सरकार इन संस्थानों को और मजबूत बनाकर आवश्यकता के अनुसार इनकी संख्या को भी बढ़ाएगी।'' उन्होंने कहा कि सरकार एक डिजिटल विश्वविद्यालय बनाने की दिशा में भी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अटल टिंकरिंग लैब्स, स्टार्ट-अप इंडिया और स्टैंड-अप इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने देश के युवाओं की क्षमता में सुधार करने में मदद की है। उन्होंने कहा, ''इन प्रयासों से ही आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम बन गया है।''

मुर्मू ने कहा कि सरकार देश के हर युवा को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए ज़रूरी माहौल बनाने में जुटी है।

## राज्यसभा की समिति ने 12 सांसदों को व्यवधान के लिए आपत्तिजनक आचरण का दोषी माना

**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति ने आम आदमी पार्टी (आप) के संजय सिंह सहित 12 विपक्षी सांसदों को पिछले साल अगस्त में सदन की कार्यवाही बाधित करने के लिए आपत्तिजनक आचरण का दोषी ठहराया और उन्हें भविष्य में इस तरह के व्यवहार से दूर रहने के लिए आगाह किया। संसद के उच्च सदन में पेश की रिपोर्ट में विशेषाधिकार समिति ने आप सांसद संजय सिंह को सभापति के निर्देशों की अवहेलना करने का दोषी ठहराया।

समिति ने मामले में सिंह की बिना शर्त माफी स्वीकार कर ली है और यह मानते हुए कि उन्हें मिली सजा पर्याप्त है, उनका निलंबन रद्द करने की सिफारिश की। सांसद को 24 जुलाई, 2023 को एक प्रस्ताव के माध्यम से सदन से निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने जानबूझकर अध्यक्ष के निर्देशों की अवहेलना, सदन के नियमों का अनादर और सदन के नेता पर आक्षेप लगाने के साथ ही विशेषाधिकार का उल्लंघन किया था। समिति ने रिपोर्ट में कहा कि संजय सिंह, शक्तिसिंह गोहिल, सुशील कुमार गुप्ता, संदीप कुमार पाठक, नारनभाई जे. राठवा, एल हनुमनथैया, सैयद नासिर हुसैन, कुमार केतकर, फूलो देवी, जेबी माथेर हिशाम, रंजीत रंजन और इमरान प्रतापगढ़ी को विशेषाधिकार के गंभीर उल्लंघन और राज्यसभा की अवमानना का दोषी ठहराया जाता है।



## दिल्ली की जलमंत्री आतिशी को अस्पताल से मिली छुट्टी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की मंत्री आतिशी को बृहस्पतिवार सुबह लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। आतिशी दिल्ली में जल संकट के मद्देनजर हरियाणा से पानी छोड़ने की मांग को लेकर अनशन पर थीं और तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि आतिशी को सुबह साढे दस बजे अस्पताल से छुट्टी दी गई।

एलएनजेपी अस्पताल के निदेशक सुरेश कुमार ने बताया कि आतिशी को हाइपोग्लाइसीमिया (रक्त में निम्न शर्करा) हुआ था। उन्हें शुरुआत में अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती किया गया था और स्वास्थ्य में सुधार के बाद उन्हें सामान्य वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि आतिशी को बृहस्पतिवार को छुट्टी दे दी गई।

डॉ.कुमार ने बताया, '' उन्हें रक्त में शर्करा की मात्रा कम होने और पेशाब में कीटोन पाए जाने के बाद सोमवार शाम को अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी गई। बाद में की गई जांच में पेशाब में कीटोन नहीं पाई गई और उनकी हालत अब स्थिर है। उन्हें हल्की कमजोरी है और उम्मीद है कि कुछ हफ्तों में वह पूरी तरह से ठीक हो जाएंगी।'' उन्होंने कहा कि उनकी नाड़ी और रक्त जांच समान्य है। आम आदमी पार्टी की नेता एवं दिल्ली की जल मंत्री आतिशी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पानी दिए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी थीं। अनशन कर रही आतिशी की तबीयत पांचवें दिन बिगड़ने लगी थी और उनके ब्लड शुगर का स्तर गिरने के कारण उन्हें सोमवार देर रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नेता वृंदा करात ने बुधवार को अस्पताल में आतिशी से मुलाकात की थी।

## वित्तीय प्रणाली में संचालन व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दें: आरबीआई गवर्नर

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने वित्तीय प्रणाली के सभी हितधारकों से बृहस्पतिवार को कहा कि वे संचालन व्यवस्था को 'सर्वोच्च प्राथमिकता' दें। केंद्रीय बैंक की छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) की प्रस्तावना में दास ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती दिखा रही है। दास ने कहा कि आरबीआई के दबाव परीक्षणों से पता चलता है कि गंभीर दबाव की स्थिति में भी बैंकों और गैर-बैंकों के 'बफर' न्यूनतम विनियामक पूंजी स्तर से ऊपर रहेंगे। उन्होंने कहा कि आरबीआई साइबर खतरों, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक चुनौतियों से उत्पन्न होने वाले खतरों के प्रति सतर्क है। दास ने सभी पक्षों से संचालन व्यवस्था पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा।




## नीट-यूजी विवाद: एनएसयूआई के सदस्यों ने एनटीए के दफ्तर में घुसकर की नारेबाजी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई के सदस्य नीट-यूजी और यूजीसी-नेट परीक्षाओं के आयोजन में कथित अनियमितताओं को लेकर विवादों में घिरी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के मुख्यालय में घुस गए और विरोध स्वरूप इसके दरवाजे बंद कर दिए। इसके बाद वहां पहुंची पुलिस स्थिति पर काबू पाने की कोशिश कर रही है।

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के सदस्यों ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में ओखला स्थित एजेंसी के कार्यालय में घुसकर एनटीए बंद करो के नारे लगाए। इस घटना के बारे में एनटीए के अधिकारियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

एनएसयूआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में उसके कई सदस्य एनटीए की इमारत के अंदर नारे लगाते हुए दिखाई दिए। इसमें छात्र एनटीए कार्यालय के प्रवेश द्वार पर ताला लगाते हुए भी दिखाई दिए। लोहे के ताले और चेन पर लिखा था, अब और भ्रष्टाचार मत करो एनटीए। एनटीए पर प्रतिबंध लगाओ। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंच गई है और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है।

अधिकारी ने कहा, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि एनटीए ने छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने भी लोहे की चेन और ताला लगाकर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। यह विरोध प्रदर्शन एनटीए द्वारा आयोजित नीट-यूजी, नीट-पीजी और यूजीसी-नेट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक की खबरों के मद्देनजर किया गया।

चौधरी ने विरोध प्रदर्शन में अपने संबोधन के दौरान कहा, एनटीए की अक्षमताओं और लापरवाही के कारण देश भर के छात्र पीड़ित हैं। बार-बार परीक्षा स्थगित होना और पेपर लीक होना केवल प्रशासनिक विफलता नहीं है, यह हमारे युवाओं के भविष्य पर सीधा हमला है। हम मांग करते हैं कि एनटीए पर प्रतिबंध लगाया जाए और अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी प्रणाली लागू की जाए।

## बैंक का कुल फंसा कर्ज 12 साल के निचले स्तर 2.8% पर : आरबीआई रिपोर्ट

**मुंबई/भाषा।** वाणिज्यिक बैंकों का फंसा कर्ज यानी सकल एनपीए इस साल मार्च में 12 महीने के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत रहा। यह चालू वित्त वर्ष के अंत तक और कम होकर 2.5 प्रतिशत तक आ सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में यह कहा गया है। इस साल मार्च में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) अनुपात घटकर 2.8% जबकि शुद्ध एनपीए 0.6% पर रहा। रिपोर्ट अनुसार, ''अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की संपत्ति गुणवत्ता में निरंतर सुधार जारी है और उनका सकल एनपीए अनुपात मार्च, 2024 में 12 साल के निचले स्तर पर आ गया। उनका शुद्ध एनपीए अनुपात भी रिकॉर्ड निचले स्तर पर रहा।'' बैंकों में, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के सकल एनपीए अनुपात में 2023-24 की दूसरी छमाही के दौरान 0.76 प्रतिशत की कमी आई। हालांकि, सभी श्रेणी के बैंकों में सकल एनपीए में कमी आई है, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और विदेशी बैंकों के बेहतर प्रावधान के परिणामस्वरूप मार्च, 2024 में प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) में सुधार हुआ है।

## आंध्र प्रदेश में चार माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया

**पाडेरु (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के चार सदस्यों ने बृहस्पतिवार को अल्लूरी सीताराम राजू (एएसआर) जिले में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

एएसआर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) तुहिन सिन्हा ने कहा कि टी साईराम, वी किरण, टी रमेश और के बाबूराव गलीकोंडा दलम (विंग) से संबंधित हैं। आज, प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) पार्टी के गलीकोंडा दलम के चार मिलिशिया सदस्यों ने आत्मसमर्पण कर दिया। यह गुटों में नेतृत्व की कमी और समुदायों के बीच में माओवादियों के खिलाफ चलाए जागरूकता अभियान के बाद संभव हुआ। आत्मसमर्पण व गिरफ्तारियों के कारण प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) ने अपने कई नेताओं को खो दिया, जिससे गलीकोंडा क्षेत्र में नेतृत्व की कमी सामने आई।



## महाराष्ट्र : फडणवीस और उद्धव ठाकरे की लिफ्ट में मुलाकात से कयासों का दौर शुरू

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे की बृहस्पतिवार को संयोगवश विधानभवन की लिफ्ट में मुलाकात हुई जिसे लेकर राज्य के सियासी हलकों में कयासों का दौर शुरू हो गया, लेकिन तुरंत ही दोनों नेताओं ने इस मुलाकात को तूल नहीं देने की कोशिश की। महाराष्ट्र विधानमंडल के मानसून सत्र के पहले दिन एक समय राजनीतिक मित्र रहे फडणवीस और ठाकरे एक साथ लिफ्ट का इंतजार कर रहे थे। प्रसारित वीडियो में दोनों नेता इस दौरान संक्षिप्त बातचीत करते दिखते हैं। ठाकरे ने बाद में कहा, ''लोगों ने उस गाने के बारे में सोचा होगा कि 'न न करते प्यार तुम्हीं से कर बैठे'। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।'' उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि लिफ्ट के कान नहीं होते तथा लिफ्ट में इस तरह की और मुलाकात एक अच्छी बात है।

## राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस को समर्थन के लिए तैयार, भाजपा से कोई गठजोड़ नहीं: दुष्यंत चौटाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नेता दुष्यंत चौटाला ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्यसभा चुनाव में उनकी पार्टी कांग्रेस का समर्थन करने के लिए तैयार है। चौटाला ने हरियाणा में अगले विधानसभा चुनाव से पहले और बाद में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन की सभी संभावनाओं को सिरे से खारिज कर दिया। भाजपा ने हरियाणा में मार्च में मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बना दिया, जिसके बाद जजपा के साथ पिछले साढ़े चार वर्ष से जारी उसका गठबंधन टूट गया था।



हाल में संपन्न हुए आम चुनावों में जजपा ने राज्य की सभी 10 लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारे थे लेकिन उसे एक भी सीट पर जीत हासिल नहीं हुई। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा के रोहतक लोकसभा सीट से विजयी होने के बाद संसद के उच्च सदन में यह सीट खाली हुई है। चौटाला ने भाजपा के साथ गठबंधन की संभावनाओं को सिरे से खारिज करते हुए कहा, '' मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि भविष्य में भाजपा के साथ कभी गठबंधन नहीं होगा। चुनाव के बाद भी हम भाजपा के साथ गठबंधन नहीं करेंगे।'' दुष्यंत चौटाला ने दावा किया कि लोकसभा चुनावों में जजपा की हार के पीछे भाजपा के साथ गठबंधन ही प्रमुख कारण था। जजपा नेता ने दीपेंद्र हुड्डा के लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद हरियाणा से खाली हो रही राज्यसभा सीट के बारे में कहा कि उनकी पार्टी उच्च सदन के लिए होने वाले चुनाव में कांग्रेस का समर्थन करने के लिए तैयार है बशर्ते कि वे किसी प्रमुख व्यक्ति या किसी प्रतिष्ठित खिलाड़ी को उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में उतारें। चौटाला ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है लेकिन विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा पहले कह चुके हैं कि पार्टी को अन्य दलों के साथ हाथ मिलाकर उम्मीदवार उतारना चाहिए क्योंकि उनके पास अपना उम्मीदवार उतारने के लिए आवश्यक संख्या नहीं है। उन्होंने कहा, ''अगर कांग्रेस वाकई में भाजपा को मात देना चाहती है तो उसे जीत या हार की तरफ नहीं देखना चाहिए। अगर वह कोई ऐसा उम्मीदवार उतारती है, जो स्वीकार्य हो तो हम समर्थन के लिए तैयार हैं। उम्मीदवार कोई भी प्रमुख व्यक्तित्व या प्रतिष्ठित व्यक्ति हो सकता है। वह खेल क्षेत्र से हो सकता है और विपक्ष का संयुक्त उम्मीदवार हो सकता है।''



# केरल में भारी बारिश, कई जिलों में चेतावनी जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कई हिस्सों में बुधवार रात को मूसलाधार बारिश हुई जिसके बाद अधिकारियों ने लोगों से पहाड़ी और जलमग्न क्षेत्रों की यात्रा करते समय अत्यधिक सावधानी बरतने का आग्रह किया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को राज्य के सात जिलों में ऑरेंज अलर्ट और शेष जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की ओर से जारी किए गए ऑरेंज अलर्ट का मतलब 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर तक अत्यधिक बारिश होना और येलो अलर्ट का मतलब छह सेंटीमीटर से 11 सेंटीमीटर के बीच भारी बारिश होना है।

केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बृहस्पतिवार को कहा कि कन्नूर और कासरगोड जिलों में कई स्थानों पर भारी बारिश होने और अधिकतम 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलने की संभावना है। बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए पथनमथिट्टा और अलप्पुझा जिलों में राहत शिविर खोले गए हैं।

अधिकारियों ने पथनमथिट्टा, इडुक्की, वायनाड, एर्नाकुलम, कोट्टायम और अलप्पुझा जिलों में व्यावसायिक कॉलेजों सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों और कन्नूर जिले के इरीटी तालुक में शैक्षणिक संस्थानों के लिए बृहस्पतिवार को अवकाश घोषित कर दिया है। कासरगोड में बृहस्पतिवार को सुबह बाढ़ के पानी से भरे पुल से नदी पार करते समय एक कार बह गई, लेकिन इसमें सवार दो युवक बाल-बाल बच गए। राज्य में भारी बारिश जारी है। तेज हवाओं के कारण कोट्टायम जिले के निचले इलाकों में काफी नुकसान होने की खबर है। यहां के कुमारकोम इलाके में भारी बारिश और तेज हवा के कारण होर्डिंग, खंभे, पेड़ आदि गिर गए।

# तमिलनाडु सरकार होसुर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थापित करेगी : मुख्यमंत्री स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बृहस्पतिवार को विधानसभा को जानकारी दी कि तमिलनाडु सरकार होसुर में दो हजार एकड़ भूमि पर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थापित करेगी। उन्होंने बताया कि साल भर में तीन करोड़ यात्रियों की क्षमता वाला हवाई अड्डा कृष्णगिरी और धर्मपुरी जिलों में बढ़ती औद्योगिक जरूरतों को पूरा करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हवाई अड्डे से न केवल होसुर बल्कि पूरे क्षेत्र के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। स्टालिन ने विधानसभा में नियम 110 के तहत घोषणा करते हुए कहा, मुझे इस सदन में यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि होसुर में दो हजार एकड़ भूमि पर एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा स्थापित किया जाएगा, जो प्रति वर्ष तीन करोड़ यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा। सदन में विभिन्न राजनीतिक दलों ने इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि द्रविड मुन्नेत्र कषगम (डीएमके) के सत्ता में आने के बाद तमिलनाडु ने सभी क्षेत्रों में तेजी से प्रगति की है और राज्य 2022 के निर्यात तैयारी सूचकांक में भारत में पहले स्थान पर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार होसुर शहर में बुनियादी ढांचे में सुधार के उद्देश्य से विभिन्न परियोजनाओं को लागू कर रही है। इसके अलावा उन्होंने कावेरी नदी के तट पर स्थित शहर तिरुचिरापल्ली में दिवंगत मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि के नाम पर एक आधुनिक पुस्तकालय-सह-ज्ञान केंद्र बनाए जाने की घोषणा की।

# सिद्दरामैया कल प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे, लंबित परियोजनाओं को लेकर केंद्रीय मंत्रियों से करेंगे चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी के अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान 29 जून को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह केंद्रीय मंत्रियों से भी मिलेंगे और उनसे राज्य की उन लंबित परियोजनाओं को लेकर चर्चा करेंगे जिन्हें केंद्र की मंजूरी मिलना बाकी है।

उन्होंने पत्रकारों से कहा, मैं सड़क परिवहन मंत्री (नितिन गडकरी), प्रधानमंत्री और गृहमंत्री (अमित शाह) से भी मुलाकात करूंगा। वित्तमंत्री (निर्मला सीतारमण) से भी मुलाकात करने के प्रयास करूंगा। गृहमंत्री ने अभी मिलने का समय नहीं दिया है और वह आज समय दे सकते हैं। रेलमंत्री (अश्विनी वैष्णव) और जलशक्ति मंत्री (सी. आर. पाटिल) से भी मुलाकात करने की कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 29 जून को मुलाकात का समय दिया है।



राष्ट्रीय राजधानी के लिए आज रवाना हो रहे मुख्यमंत्री ने वहां कर्नाटक के सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों की एक बैठक भी बुलाई है जिसमें राज्य की उन परियोजनाओं पर चर्चा की जाएगी जिन्हें केंद्र की मंजूरी मिलना बाकी है।

सिद्दरामैया ने कहा, ''हम केंद्र सरकार के स्तर पर लंबित परियोजनाओं की सूची साझा करेंगे और उनसे राज्य सरकार के पक्ष में प्रयास करने को कहेंगे, जिससे परियोजनाओं को मंजूरी मिल सके और केंद्र से धन प्राप्त हो और राज्य के लिए संसाधन जुटाने में मदद मिले।''

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कई संबंधित मंत्री भी परियोजनाओं के संबंध में जानकारी देने दिल्ली जा रहे हैं। केंद्र में नई सरकार के पहले बजट से कर्नाटक की अपेक्षाओं के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा के माध्यम से केंद्र के साथ अपने विचार साझा कर दिए हैं। उन्होंने कहा, मैं नहीं जा सका तो गौड़ा बैठक में शामिल हुए थे, उन्होंने बैठक में मेरा भाषण प्रस्तुत किया।

राहुल गांधी के लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि वह (राहुल) 'लोगों की आवाज' के रूप में प्रभावी तरीके से कार्य करेंगे।

# अन्नाद्रमुक ने जहरीली शराब त्रासदी के खिलाफ की भूख हड़ताल, डीएमडीके ने दिया समर्थन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** अखिल भारतीय अन्नाद्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के प्रमुख ई.के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में पार्टी के विधायकों और कार्यकर्ताओं ने कल्लाकुरिची जहरीली शराब त्रासदी की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराए जाने की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को यहां भूख हड़ताल की। देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कषगम (डीएमडीके) प्रमुख प्रेमलता विजयकांत ने धरना स्थल का दौरा कर विरोध प्रदर्शन के प्रति उनकी पार्टी का समर्थन व्यक्त किया।

विधानसभा की कार्यवाही में व्यवधान डालने के आरोप में मौजूदा विधानसभा सत्र से निलंबित अन्नाद्रमुक विधायकों ने काली शर्ट पहनकर सुबह नौ बजे राजारथिनम स्टेडियम में भूख हड़ताल शुरू की। पलानीस्वामी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के इस्तीफे की मांग की और दोहराया कि जहरीली शराब से हुई मौतों की जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए।

उन्होंने पूछा कि जब मौतों का आंकड़ा '60 के पार' जा पहुंचा तो स्टालिन ने अब तक कल्लाकुरिची का दौरा क्यों नहीं किया।

उन्होंने विधानसभा में इस मुद्दे पर ईमानदारी से चर्चा करने के लिए मुख्यमंत्री की 'अनिच्छा' की भी आलोचना की।

अनशन स्थल पर पत्रकारों से बातचीत में प्रेमलता विजयकांत ने सीबीआई जांच की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि न्याय के लिए आबकारी मंत्री एस. मुथुसामी का इस्तीफा मांगा।

उन्होंने पुलिस पर अन्नाद्रमुक नेताओं को 'भाषण देने' (लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने) की अनुमति नहीं देने का आरोप लगाते हुए 'दमन' की निंदा की है।



# बालाजी विद्यापीठ ने लीड्स विश्वविद्यालय के साथ रणनीतिक गठबंधन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** बालाजी विद्यापीठ, एक डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी जो शिक्षा, अनुसंधान, रोगी देखभाल और आउटरीच सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ने 27 जून को यूके के सबसे बड़े विश्वविद्यालयों में से एक, लीड्स विश्वविद्यालय के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। इस समझौता ज्ञापन पर लीड्स विवि के अंतरिम कुलपति और अध्यक्ष प्रोफेसर हाई-सुई यू और बालाजी विद्यापीठ के अस्पतालों के निदेशक डॉ. निर्मल कुमार वी. के बीच हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर बालाजी विद्यापीठ के ट्रस्टी डॉ. प्रशांत राजगोपालन, ट्रस्टी डॉ. उर्जिता राजगोपालन, कुलपति प्रो.निहार रंजन विश्वास और महाप्रबंधक (प्रशासन) सुश्री आशा के. भी उपस्थित थे।

# दस भारतीय मछुआरों पर नौसेना के एक नाविक की मौत का आरोप लगाया जाएगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/कोलंबो।** श्रीलंका की समुद्री सीमा में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किए गए दस भारतीय मछुआरों पर नौसेना के एक नाविक की मौत का आरोप लगाया जाएगा। मछुआरों की नाव को जब्त करने के अभियान के दौरान इस नाविक की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। श्रीलंकाई नौसेना की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया है कि नौसेना के विशेष 'बोट स्क्वाड्रन' के एक वरिष्ठ नाविक को भारतीय नौका के आक्रामक व्यवहार और नाव के जब्त करने का विरोध करने दौरान गंभीर चोटें आईं।

इसमें आगे कहा गया, वरिष्ठ नाविक को जाफना के टीचिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दुर्भाग्यवश उनकी मृत्यु हो गई। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि सोमवार को दस भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और उनकी मछली पकड़ने वाली नौका को जब्त कर लिया गया। मछली पकड़ने वाली नौका को कांकेसंतुराई बंदरगाह पर लाया गया और मछुआरों को कानूनी कार्रवाई के लिए मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया गया।

नौसेना ने बताया कि जाफना मजिस्ट्रेट ने मृतक नाविक का पोस्टमार्टम करवाया और जांच में पता चला कि नाविक की मौत एक दुर्घटना थी जो रीढ़ की हड्डी में चोट लगने के कारण हुई थी। जाफना के मछुआरे उत्तर-पश्चिमी जिले कुरुनेगला में 40 वर्षीय नाविक के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों में मछुआरों का मुद्दा एक विवादास्पद मुद्दा रहा है। एक बार तो श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी की और श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने की कई कथित घटनाओं में उनकी नौकाओं को जब्त कर लिया। पाक जलडमरूमध्य, तमिलनाडु को श्रीलंका से अलग करने वाली एक पतली जल-पट्टी है, जो दोनों देशों के मछुआरों के लिए मछली पकड़ने का एक मुख्य क्षेत्र है। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि उसने इस वर्ष अब तक देश के जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 200 से अधिक भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है तथा 27 मछली पकड़ने वाले जहाज (ट्रॉलर) जब्त किए हैं। नौसेना ने साल 2023 में श्रीलंकाई जलक्षेत्र में कथित अवैध शिकार के लिए 35 जहाजों के साथ 240 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था।

# टी.पी. चंद्रशेखरन मामले के दोषियों को सजा में छूट देने पर विचार नहीं किया जा रहा : केरल सरकार



**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने चर्चित टी.पी. चंद्रशेखरन हत्याकांड के तीन दोषियों को सजा में छूट देने पर विचार करने के आरोप में तीन जेल अधिकारियों को बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया। इस मामले को लेकर राज्य विधानसभा में विपक्ष ने हंगामा किया और वामपंथी सरकार पर प्रक्रिया में मिलीभगत होने का आरोप लगाया। विधानसभा में एक बयान में सरकार ने स्पष्ट किया कि 2012 के हत्याकांड के किसी भी दोषी को सजा में छूट देने पर विचार नहीं किया जा रहा।

राज्य के स्थानीय स्वशासन विभाग के मंत्री एम. बी. राजेश ने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की ओर से यह स्पष्टीकरण दिया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी. डी. सतीसन के बयान के बाद सरकार की ओर से यह स्पष्टीकरण आया है। सतीशन ने सरकार से मांग की थी कि चंद्रशेखरन मामले में दोषियों को किसी भी कारण से, सजा में किसी भी तरह की छूट नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधानसभा को जानकारी दिए बिना दोषियों को सजा में छूट देने का प्रयास किया तथा ऐसा करने पर रोक लगाने वाले एक कानून को दरकिनार कर दिया गया, जो इस सरकार ने ही बनाया था। राजेश ने सदन में कहा, स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर सजा में छूट देने संबंधी 2022 के मानदंडों के अनुसार कैदियों की संशोधित सूची सरकार के समक्ष विचार के लिए नहीं आई है। इसलिए, चंद्रशेखरन हत्याकांड के दोषियों की सजा में छूट पर विचार नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में आरोप निराधार हैं। रिवॉल्यूशनरी मार्कसिस्ट पार्टी के नेता चंद्रशेखरन (52) की 2012 में एक गिरोह ने उस समय हत्या कर दी थी जब वह घर लौट रहे थे। गलत सूची तैयार करने और पुलिस रिपोर्ट मांगने के लिए जिम्मेदार संयुक्त अधीक्षक के. एस. श्रीजीत, सहायक अधीक्षक ग्रेड-1 बी. जी. अरुण और सहायक जेल अधिकारी ओ. वी. रघुनाथ को जांच पूरी होने तक सेवा से निलंबित करने का आदेश दिया गया है।



# खराब पूरक आहार आपूर्ति के मामले में उपसंचालक पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी : लक्ष्मी हेब्बालकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**यारागट्टी/बेलगावी।** महिला एवं बाल विभाग मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने चेतावनी दी है कि आंगनबाड़ियों में खराब गुणवत्ता वाले पूरक खाद्य उत्पादों की आपूर्ति की गई तो संबंधित जिले के उप निदेशक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने गुरुवार को बेलगाम जिले के यारागट्टी में महिलाओं और बच्चों के लिए पोषण आहार निर्माण इकाई का दौरा करते हुए यह बात कही। खराब गुणवत्ता वाले किसी भी उत्पाद को एमएस पीसी द्वारा ही अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए। आंगनवाड़ी के बच्चों को पता होना चाहिए कि वे उनके अपने बच्चे हैं और उन्हें अच्छी गुणवत्ता वाला पूरक आहार उपलब्ध कराया जाना चाहिए। मंत्री ने स्पष्ट किया कि घटिया खाद्य सामग्री की आपूर्ति किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

स्थानीय स्तर पर गलतियाँ ऊपर तक सभी की बदनामी कराती हैं। इसका असर बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसलिए गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मंत्री ने इकाई के प्रत्येक उत्पाद का सावधानीपूर्वक निरीक्षण करने के बाद, यदि कोई उत्पाद खराब पाया जाता है, तो इकाई को स्वयं उसे अस्वीकार करना होगा। सभी उत्पादों को साफ करके परोसा जाना चाहिए। लक्ष्मी हेब्बालकर ने चेतावनी दी कि अगर इस मामले में कोई गलती हुई तो बिना किसी हिचकिचाहट के कार्रवाई की जाएगी।

आंगनवाड़ी सहित विभाग से संबंधित सभी विभागों को पूरी तरह से पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में पहले ही मुख्यमंत्री से अनुरोध किया जा चुका है। मंत्री ने कहा कि एमएस पीसी इकाइयों में सुधार के लिए भी कार्रवाई की जायेगी। सवदत्ती विधायक विश्वास वैद्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक नागराजा सहित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी वहां मौजूद थे।

# ट्रेनें सामान्य समय सारणी के अनुसार चलेंगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे ने रद्द की गई ट्रेनों को बहाल करने और ट्रेन सेवाओं के डायवर्जन के बारे में नीचे दिए गए विवरण के अनुसार अधिसूचना जारी की है।

पहले से अधिसूचित रद्दीकरण, ट्रेन सेवाओं के डायवर्जन को वापस लिया गया। 8 जुलाई को 18.00 बजे संतरागाछी से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 22841 संतरागाछी-तांबरम अंत्योदय एक्सप्रेस सामान्य समय के अनुसार चलेगी। ट्रेन संख्या 22842 ताम्बरम-संतरागाछी अंत्योदय एक्सप्रेस 10 जुलाई को ताम्बरम से सुबह 07.15 बजे रवाना होगी तथा सामान्य समय सारणी के अनुसार चलेगी। ट्रेन संख्या 12503 एसएमवीटी बेंगलूरु-



अगरत्तला हमसफर एक्सप्रेस वाया काटपडी, पेरम्बूर 5 जुलाई को 10.15 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु से रवाना होगी और अपने निर्धारित समय के अनुसार चलेगी। ट्रेन संख्या 12504 अगरत्तला-एसएमवीटी बेंगलूरु हमसफर एक्सप्रेस वाया पेरांबूर, काटपाडी 06 जुलाई को अगरत्तला से सुबह 05.30 बजे रवाना होगी और अपने निर्धारित समय के अनुसार चलेगी। ट्रेन संख्या 13434 मालदा टाउन-एसएमवीटी बेंगलूरु अमृत भारत एक्सप्रेस वाया कटपडी, जोलारपेट्टई 07 जुलाई को मालदा टाउन से 08.50 बजे प्रस्थान करेगी तथा अपने निर्धारित समय के अनुसार चलेगी। ट्रेन संख्या 13433 एसएमवीटी बेंगलूरु - मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस वाया जोलारपेट्टई, काटपाडी 09 जुलाई को 13.50 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु से रवाना होगी। सामान्य कार्यक्रम के अनुसार चलेगी। पूर्व में अधिसूचित रद्दीकरण वापस ले लिया गया है। वहीं कई ट्रेनों के डाइवर्सन को भी वापस ले लिया गया है।

# दक्षिण कन्नड़ में भारी बारिश की चेतावनी के चलते स्कूलों में छुट्टी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मंगलूरु।** कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर बृहस्पतिवार के लिए सभी प्राथमिक और उच्च विद्यालयों और आंगनवाड़ियों में छुट्टी घोषित कर दी गयी है। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक प्रवक्ता ने यहां बताया कि कर्नाटक राज्य प्राकृतिक आपदा निगरानी केंद्र (केएसएनडीएमसी) और भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा बृहस्पतिवार सुबह 8:30 बजे तक तटीय कर्नाटक के जिलों के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किए जाने के बाद जिलाधिकारी एम.पी. मुल्लाई मुहिलन ने कल दक्षिण कन्नड़ जिले में सभी स्कूलों में छुट्टी रखे जाने के निर्देश दिये। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को तटीय कर्नाटक में भारी से बहुत भारी बारिश और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की आशंका जताई है। इसके अलावा मौसम विभाग ने 28 जून से 30 जून तक भी कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ समेत सभी तटीय जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका जताई है।



# राजस्थान को अग्रणी बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे, हम जो वादा करते हैं, उसको पूरा भी करते हैं : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सभ्य एवं विकसित समाज सभी वर्गों के विकास के लिए संवेदनशील रहता है। सामाजिक सुरक्षा के रूप में पेंशन जरूरतमंद को आर्थिक संबल देता है साथ ही उन्हें मुख्य धारा से जोड़े रखता है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का दायरा बढ़ाने के साथ ही पेंशन राशि में भी बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि वृद्धजन, एकल नारी, दिव्यांगजनों सहित सभी वर्गों के उत्थान के लिए हमारी सरकार कतृसंकल्पित है तथा इनके सामाजिक सुरक्षा के आवरण को कमजोर नहीं होने देगी।

शर्मा गुरुवार को झुंझुनूं में राज्यस्तरीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धि की राशि हस्तांतरण के कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बटन दबाकर प्रदेश के 88 लाख से अधिक पेंशनरों के बैंक खातों में 1 हजार 37 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तांतरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय की संकल्पना को आगे बढ़ाते हुए अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए संकल्पित है। हमारी सरकार मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना, लघु एवं सीमांत वृद्धजन कृषक सम्मान पेंशन योजना के जरिये जरूरतमंदों को आर्थिक संबल प्रदान कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में राशि को 1 हजार रूपए से बढ़ाकर 1150 रूपए की है और इसमें चरणबद्ध रूप से वृद्धि की जाएगी। संकल्प पत्र के हर एक वादे को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में लगभग 88 लाख से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया जा रहा है। हमारी सरकार ने गठन के 6 माह के अल्प समय में 2 लाख 41 हजार से अधिक नए लाभार्थियों को इन पेंशन योजनाओं से जोड़ा है। साथ ही, झुंझुनूं जिले में 2 लाख 74 हजार से अधिक लोगों को पेंशन का लाभ मिल रहा है, जिन्हें पेंशन के रूप में हर महीने 32 करोड़ 27 लाख रुपये हस्तांतरित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन पेंशन योजनाओं में डिजीटलकृत प्रक्रिया अपनायी जा रही है, जिससे आज पेंशनर्स को बिना किसी परेशानी के योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो रहा है।

शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद कुछ राजनीतिक दलों द्वारा झूठे वादे किए गए तथा तुष्टिकरण की राजनीति एवं भ्रष्टाचार कर आमजन को गुमराह किया गया है लेकिन पिछले 10 वर्षों से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में देश में गरीब कल्याण, सीमा सुरक्षा तथा आर्थिक सशक्तीकरण के विभिन्न निर्णय लिए गए हैं, जिससे विदेशों में भारत का सम्मान बढ़ा है। राज्य सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत राशि 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 8 हजार रुपये करने, गेहूं के एमएसपी पर 125 रुपये का बोनस देकर इसे 2,400 रुपये प्रति किंवटल करने, 450 रुपए में गैस सिलेण्डर जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जिससे हर वर्ग को राहत मिली है। साथ ही, प्रधानमंत्री की गारंटी तथा प्रदेश सरकार का संकल्प पूरा हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पालनहार योजना के तहत 6 साल तक के बच्चों के लिए 1,500 रुपये तक प्रतिमाह एवं 6 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए 2,500 रुपये तक प्रतिमाह की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। अप्रेल तथा मई माह में 234 करोड़ रुपए व्यय कर 5 लाख 82 हजार बच्चों को योजना का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना, उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत विभिन्न वर्गों को छात्रवृति के माध्यम से शिक्षा के बेहतर अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। चालू वित्त वर्ष में मई तक 17 करोड़ 60 लाख रुपए व्यय कर 16 हजार विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार बाबा साहब के समता मूलक समाज की स्थापना के सिद्धांत पर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर काम कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार अनाथ व असहाय बच्चों के लालन-पालन से लेकर बुजुर्गों के आर्थिक संरक्षण तक तथा बच्चों की पढ़ाई से लेकर युवाओं की नौकरी तक उन्हें आर्थिक सम्बल प्रदान कर सशक्त बना रही है।

# कांग्रेस सरकार द्वारा लाये गए कानून के कारण आज भाजपा सरकार कर रही है पेंशन वृद्धि हस्तांतरित : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा है कि पूर्ववर्ती उनकी कांग्रेस सरकार के समय लाये गये कानून के कारण ही आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पेंशन की वार्षिक वृद्धि का लाभ लाभार्थियों को हस्तांतरित कर रही हैं।

गहलोत ने गुरुवार को अपने बयान में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राजस्थान मिनिमम इनकम गारंटी कानून बनाया जिसके तहत गांवों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) एवं शहरों में इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना से 125 दिन का रोजगार तथा बुजुर्ग, दिव्यांग एवं एकलनारी को न्यूनतम एक हजार रुपये पेंशन सुनिश्चित की गई तथा इस पेंशन में 15 प्रतिशत बढ़ोत्तरी प्रतिवर्ष होगी। उन्होंने कहा कि भले ही हमारी सरकार बदल गई परन्तु इस कानून के कारण आज राजस्थान की भाजपा सरकार पेंशन की 15 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि का लाभ 88 लाख से अधिक लाभार्थियों को 1037 करोड़ रुपये का लाभ हस्तांतरित किया जा रहा है। यह कांग्रेस की न्याय की सोच है जिसे कोई भी सरकार अटका नहीं सकती।

इस मौके पर गहलोत ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से निवेदन किया कि उनकी सरकार ने इस एक्ट के तहत चल रही इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना का बजट रोका हुआ है जिससे लाखों शहरी जरूरतमंद परिवारों का रोजगार प्रभावित हो रहा है।

## मुलाकात



जयपुर में गुरुवार को राज्यपाल कलराज मिश्र से राजभवन में प्रदेश की उपमुख्यमंत्री सुश्री दीया कुमारी ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।



# वांछित 'हिस्ट्रीशीटर' के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर राजस्थान में अलवर के एनई बी थाना क्षेत्र में गुरुवार को कुख्यात बदमाश फिरोज खान सहित कई बदमाशों की सरकारी संपत्तियों पर किए गए अवैध कब्जे हटाये गये। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इनमे दो मकान हिस्ट्रीशीटर फिरोज खान के बताये गये हैं। नगर विकास न्यास के अधिकारी जेसीबी लेकर सुबह मौके पर पहुंचे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मय पुलिस बल के पहुंच गये। मन्नाका इलाके में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गयी। करीब 100 पुलिसकर्मी तैनात किये गये। इसके लिये नगर विकास न्यास ने करीब 10 लोगों को नोटिस देकर सरकारी संपत्ति से अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी थी।

सूत्रों ने बताया कि 26 जून को नगर विकास न्यास के नोटिस की अवधि पूरी हो गयी, तब सुबह नगर विकास न्यास के दस्ते ने आरोपियों के अतिक्रमण को जेसीबी की सहायता से हटाना शुरू कर दिया और जेसीबी की सहायता से पक्के निर्माण को तोड़ दिया। मुख्य आरोपी फिरोज खान के मकान की चार दीवारी और उसके मकान के टावर को तोड़ा गया है। उपखंड अधिकारी प्रतीक जुईकर ने बताया कि यूआईटी द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाया जा रहा है। पहले नोटिस दिये गये थे और जिसमें 10 मकान चिह्नित किये गये। उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले कुख्यात बदमाश फिरोज खान को पकड़ने गई पुलिस पर वैशाली थाना नगर इलाके के मन्नाका में पुलिस पर पथराव किया गया जिसमें तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए। पुलिस वाहन को क्षतिग्रस्त किया गया और परिवार की महिलाओं एवं पुरुषों ने आरोपी को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ा लिया। इसके बाद बदमाश भागने में सफल हो गया । इस आरोपी के खिलाफ एक दर्जन से अधिक मुकदमे हैं। गत दिनों पांच लाख की रंगदारी मामला भी था। उस मामले में पुलिस पकड़ने गई थी।

पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और आरोपियों की सरकारी जमीन पर बनी संपत्तियों का सर्वे किया गया, जिसमें काफी संपत्ति सरकारी जमीन पर कब्जे की पायी गयी।

# राजस्थान में कई इलाकों में मूसलाधार बारिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के कई इलाकों में बीते चौबीस घंटे में भारी से अति भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में बारिश का दौर अभी जारी रहेगा। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटे में भरतपुर, अजमेर व कोटा संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ भारी से अति भारी वर्षा दर्ज की गई है। वहीं जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में तथा उदयपुर, जयपुर संभाग के अनेक भागों में मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई।

इस दौरान सबसे अधिक बारिश पश्चिमी राजस्थान में देसुरी (पाली) में 54 मिलीमीटर व पूर्वी राजस्थान के धौलपुर में 131 मिलीमीटर दर्ज की गई। इसके अनुसार पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ बारिश की गतिविधियां आगामी दिनों में जारी रहेंगी।

29 जून से उत्तर-पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में भारी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। 29 जून से दो जुलाई के दौरान जयपुर, भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं भारी व कहीं-कहीं अति भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। इसी तरह पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में आगामी दो-तीन दिन मेघ गर्जन, बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। इसके बाद कहीं-कहीं बारिश जारी रहने तथा जुलाई के पहले सप्ताह में पुन: बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। जहां तक अधिकतम तापमान का सवाल है तो पिछले 24 घंटे में राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 43.0 डिग्री बीकानेर में दर्ज किया गया।

# शहरी रोजगार गारंटी योजना का बजट जारी करे भाजपा सरकार : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार से शहरी रोजगार गारंटी योजना का बजट जारी करने की मांग की है। गहलोत ने कहा कि योजना का बजट रोकेने से लाखों जरूरतमंद परिवारों का रोजगार प्रभावित हो रहा है।

गहलोत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, हमारी सरकार ने राजस्थान 'मिनिमम इनकम गारंटी' (न्यूनतम गारंटी आय) कानून बनाया जिसके तहत गांवों में मनरेगा तथा शहरों में इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना से 125 दिन का रोजगार तथा बुजुर्ग, दिव्यांग व एकल नारी (अकेले जीवनयापन करने वाली महिला) को न्यूनतम 1,000 रुपये पेंशन सुनिश्चित की गई। इस पेंशन में प्रतिवर्ष 15 प्रतिशत बढ़ोत्तरी होगी।

उन्होंने कहा, भले ही सरकार बदल गई लेकिन इस कानून से आज भी राजस्थान की भाजपा सरकार द्वारा पेंशन की 15 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि का लाभ 88 लाख से अधिक लाभार्थियों को 1037 करोड़ रुपये का लाभ हस्तांतरित किया जा रहा है। ये कांग्रेस की न्याय की सोच है जिसे कोई भी सरकार अटका नहीं सकती।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का सीधा हस्तांतरण किया। गहलोत ने इस ओर इशारा करते हुए कहा, इस मौके पर मैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से निवेदन करना चाहूंगा कि उनकी सरकार ने इस कानून के तहत जारी इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना का बजट रोका हुआ है जिससे लाखों शहरी जरूरतमंद परिवारों का रोजगार प्रभावित हो रहा है। इस योजना के लिए बजट देकर उन परिवारों को रोजगार दें।



# आगजनी से बचाव एवं प्रबंधन के प्रशिक्षण के लिए मॉक ड्रिल आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के आपदा प्रबंधन शाखा की ओर से गुरुवार को स्वास्थ्य भवन में चिकित्सालयों, कार्यालय एवं घर पर आपातकालीन स्थितियों में आगजनी जैसी घटनाओं से बचाव एवं प्रबंधन के प्रशिक्षण के लिए मॉक ड्रिल आयोजित की गई। सहायक अग्निशमन अधिकारी सुरेश कुमार यादव के नेतृत्व में प्रशिक्षक सावरमल ने स्वास्थ्य भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आग से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान फायर ब्रिगेड सहित आग बुझाने के काम में आने वाले विभिन्न तकनीकी उपकरणों के माध्यम से लाइव डेमोस्ट्रेशन दिया।

यादव ने बताया कि किसी भी परिस्थिति में आग लगने पर घबराना नहीं चाहिए। साथ ही, साहस दिखाते हुए सर्वप्रथम खुद को सुरक्षित करते हुए दूसरों को आग से बचाने के सभी प्रयास करने चाहिए। उन्होंने बताया कि किचन में काम आने वाले एलपीजी सिलेंडर में बेहतर क्वालिटी की गैस पाइप एवं कनेक्टर की जगह क्लिप आवश्यक रूप से इस्तेमाल में लानी चाहिए। उन्होंने सभी कार्यालयों में आग बुझाने के यंत्रों की समय-समय पर मरम्मत करवाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि आपातकालीन परिस्थितियों में फायर ब्रिगेड के टोल फ्री नम्बर 101 पर कॉल करना चाहिए। इस मॉकड्रिल के दौरान अतिरिक्त निदेशक राजपत्रित डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, एसएनओ आपदा प्रबंधन डॉ. अलका सक्सेना सहित विभिन्न अधिकारीगण एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।



# पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय निकायों में उपचुनावों के लिए 30 से होगा मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय निकायों में गत 31 दिसम्बर तक रिक्त हुए पदों के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव करवाए जा रहे हैं। रिक्तियों के आधार पर पंचायतीराज संस्थाओं के 47 जिलों में 6 जिला परिषद सदस्यों, 22 पंचायत समिति सदस्यों, 40 ग्राम पंचायतों में सरपंच पदों व 37 ग्राम पंचायतों में उपसरपंच तथा 325 वार्डपंचों एवं नगरीय निकायों में 11 जिलों के 15 नगरीय निकायों के 11 वार्ड पार्षदों, 2 अध्यक्ष, एक-एक उपाध्यक्ष, सभापति और उपसभापति के उपचुनावों के लिए 30 जून से मतदान प्रारंभ होंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त मधुकर गुप्ता ने गुरुवार को शासन सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता में इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गत 7 जून को आयोग द्वारा उपचुनाव कार्यक्रम जारी किया गया था। कार्यक्रम के अनुसार जिला परिषद, पंचायत समिति, नगर निकाय सदस्यों, सरपंच और वार्डपंच के उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया 22 जून को पूरी की जा चुकी है।

गुप्ता ने बताया कि जिला परिषद सदस्यों के लिए 11, पंचायत समिति सदस्यों के लिए 35, सरपंच के लिए 106, वार्डपंच के लिए 58, नगर निकाय सदस्यों के लिए कुल 18 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि फलौदी जिले की घंटियाली पंचायत समिति में एक सदस्य, 39 ग्राम पंचायतों में से 8 सरपंच, 325 वार्डों में से 237 वार्डपंच और अनूपगढ नगरपरिषद व चिडावा नगरपालिका में एक वार्ड पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुए है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि निष्पक्ष, पारदर्शी और सरल चुनाव करवाने के लिए आयोग पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों, सरपंचों व पंचों और नगरीय निकायों में सदस्य पदों के लिए आगामी 30 जून को मतदान किया जायेगा। इसी क्रम में नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए 8 जुलाई और उपसरपंच पद के लिए एक जुलाई को मतदान किया जायेगा।

## चिकित्सा अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान के भरतपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने बृहस्पतिवार को एक चिकित्सा अधिकारी एवं एक कर्मचारी को कथित रूप से 25 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। ब्यूरो ने यह जानकारी दी। ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा के अनुसार कामां के ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णदत्त शर्मा तथा कार्यालय के सहायक कर्मचारी राकेश कुमार सैनी को परिवादी से रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। परिवादी ने शिकायत की थी कि उसके 'नर्सिंग होम' में कमी निकाल कर उसे सील करने एवं उसके विरूद्ध थाने में मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देते हुए डॉ. कृष्णदत्त शर्मा एवं अन्य एक लाख रुपये रिश्वत मांग रहे थे तथा उसे परेशान कर रहे थे।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के लाभार्थियों को 30 जून तक ई-केवाईसी करवाना है अनिवार्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जिला रसद अधिकारी, जयपुर ग्रामीण श्रीमती अनुराधा गोगिया ने गुरुवार को बस्सी उपखण्ड की उचित मूल्य की दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान श्रीमती गोगिया ने उचित मूल्य दुकानदार को सभी पात्र परिवारों की ई-केवाईसी करने तथा माह मई 2024 का गेहूं वंचित परिवारों को देने के निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान कम ई-केवाईसी करने वाले उचित मूल्य दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए। श्रीमती गोगिया ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा माह मई 2024 खाद्य सुरक्षा योजना के वितरण की अवधि 30 जून 2024 तक बढ़ाई गई है। ऐसे चयनित पात्र उपभोक्ता जिनके द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत का गेहूं प्राप्त नहीं किया है वे अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकान से राशन कार्ड, आधार कार्ड उचित मूल्य दुकानदार को प्रस्तुत कर माह मई एवं जून 2024 की राशन सामग्री प्राप्त कर सकते हैं।

जिला रसद अधिकारी की कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन अधिकारी कल्याण सहाय करोल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में महिला सहित दो की मौत

जयपुर। राजस्थान में सीकर के पास बृहस्पतिवार सुबह एक सड़क हादसे में एक महिला और उसके नाती की मौत हो गई जबकि 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। महिला व उसका नाती दिल्ली के रहने वाले थे। सीकर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह जोधा ने बताया कि हादसा सुबह लगभग छह बजे सीकर के नेछवा इलाके में हुआ। एसयूवी वाहन में सवार एक परिवार सालासर मंदिर में दर्शन कर दिल्ली लौट रहा था। इस वाहन की सामने से आ रहे एक अन्य वाहन से टक्कर हो गई।

उन्होंने बताया कि हादसे में सुमन देवी निवासी दिल्ली व उसके नाती रेयांश (डेढ़ साल) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सुमन देवी के पति रमेश कुमार व रेखा को गंभीर हालत में जयपुर रैफर किया गया है। उन्होंने बताया कि बाकी घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राष्ट्रपति ने पढ़ी 'सरकार की पटकथा', आज है 'अघोषित आपातकाल' : विपक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** विपक्षी नेताओं ने बृहस्पतिवार को संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दिए गए अभिभाषण को ''सरकार द्वारा दी गई और झूठ पर आधारित पटकथा' करार दिया और कहा कि सरकार को 1975 के आपातकाल के बजाय आज के 'अघोषित आपातकाल' पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने यह दावा भी किया कि मोदी सरकार में लोकतंत्र एवं संविधान पर हमला किया जा रहा है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने बृहस्पतिवार को अपने अभिभाषण में 1975 में लागू आपातकाल का उल्लेख किया और इसे 'संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा एवं काला अध्याय' करार देते हुए कहा कि ऐसे अनेक हमलों के बावजूद देश ने असंवैधानिक ताकतों पर विजय प्राप्त करके दिखाई।

राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति के, ''मोदी सरकार लिखित'' अभिभाषण को सुनकर ऐसा लगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव के जनादेश को नकारने की कोशिश कर रहे हैं।



उन्होंने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति से 'झूठ बुलवाकर' अपनी वाहवाही करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि देश की जनता उन्हें नकार चुकी है।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारत के दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के सरकार के दावे पर निशाना साधा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''भारत के पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कहानी बताई जा रही है... क्या उसने हमारे किसानों को समृद्ध बनाया है? अगर हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, तो इतने सारे युवा बेरोजगार क्यों हैं? अग्निवीर जैसी योजना क्यों है? महंगाई पर नियंत्रण क्यों नहीं किया जा सकता? मुर्मू द्वारा आपातकाल का जिक्र किए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''भाजपा ने आपातकाल के दौरान जेल में बंद लोगों के लिए क्या किया? सपा ने उन्हें सम्मान और पेंशन दी।'' तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि राष्ट्रपति ने ''सरकार द्वारा दी गई पटकथा' पढ़ी और भाजपा को अभी तक यह एहसास नहीं हुआ है कि उसके पास अपने दम पर बहुमत नहीं है। उन्होंने कहा, ''सरकार की समस्या यह है कि वे अभी तक यह नहीं समझ पा रहे हैं कि वे 303 से 240 पर आ गए हैं। उन्होंने 303 के बहुमत के आधार पर भाषण तैयार किया।'' उन्होंने कहा कि हो सकता है कि उन्होंने पिछले साल के भाषण से कुछ अंश लिए हों।

## उप्र में भाजपा की सात साल की सरकार में कानून का राज जैसा कुछ भी नहीं : अखिलेश



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सात साल की सरकार में कानून का राज जैसा कुछ भी नहीं रह गया है।

सपा मुख्यालय से जारी एक बयान में यादव के हवाले से कहा गया, ''उत्तर प्रदेश में सात साल की भाजपा सरकार में कानून का राज जैसा कुछ भी नहीं रह गया है।'' सपा प्रमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री पुलिस बल को आधुनिक बनाने का दावा भले ही करें, पर हकीकत में यह दिखावे से अधिक कुछ नहीं। इसके पहले योगी आदित्यनाथ ने सरकारी आवास पर 'यूपी-112' द्वितीय चरण के तहत आधुनिक पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा कि सुशासन की पहली शर्त कानून का राज है और इसके लिए सुरक्षा एवं संरक्षा का बेहतर वातावरण होना चाहिए। योगी ने कहा, ''सुरक्षा का वातावरण राज्य का दायित्व है और हमारी पुलिस इसका बखूबी निर्वहन करती है।'' उन्होंने कहा, ''पिछले सात वर्ष में उत्तर प्रदेश पुलिस ने देश के अंदर न केवल अपनी नई पहचान बनाई है, बल्कि उत्तर प्रदेश को भी नई पहचान दिलाने में महती भूमिका का निर्वहन किया है।''



## असम: भारी बारिश के बाद डिब्रूगढ़ में बाढ़ की स्थिति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**डिब्रूगढ़/भाषा।** असम के डिब्रूगढ़ शहर में बृहस्पतिवार सुबह भारी बारिश के बाद अधिकतर सड़कों पर पानी भर गया। इनमें व्यस्त मनकोट्टा रोड भी शामिल है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर स्थित डिब्रूगढ़ में अनियोजित जल निकासी व्यवस्था के कारण उन्हें दशकों से बाढ़ और जलभराव का सामना करना पड़ रहा है।

डिब्रूगढ़ निवासी परिमल बानिक ने कहा, लचर जल निकासी व्यवस्था के कारण जलभराव की समस्या होती है। हालांकि संबंधित विभाग हर वार्ड में सड़कें बनाता है, लेकिन वह इन सड़कों के पास नालियों की खुदाई करने से बचते हैं। नाम नहीं बताने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि डिब्रूगढ़ टाउन प्रोटेक्शन (डीटीपी) नाले के पास अतिक्रमण के कारण बारिश का पानी शहर से बाहर नहीं जा पाता है, जिसके चलते कई क्षेत्रों में जलभराव हो जाता है।

सेवानिवृत्त प्राध्यापक इस्माइल अहमद ने कहा, ''हमें एक वैज्ञानिक जल निकासी प्रणाली की आवश्यकता है जो शहर से पानी को बाहर निकाल सके। डिब्रूगढ़ असम के सबसे पुराने शहरों में से एक है और बरसात के मौसम में यह सबसे ज्यादा प्रभावित होता है।''

इस दौरान असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है, हालांकि बुधवार शाम तक सात जिलों में लगभग 1.4 लाख लोग अब भी प्रभावित हैं। कछार में सबसे अधिक लगभग 75 हजार लोग प्रभावित हैं, वहीं करीमगंज में करीब 56500 लोग और धेमाजी में लगभग 3800 लोग बाढ़ से जूझ रहे हैं। इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान आदि के कारण अब तक राज्य में 41 लोगों की जान जा चुकी है।

## बिहार में अगली सरकार का नेतृत्व भाजपा को करना चाहिए: चौबे



**पटना/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के असंतुष्ट नेता अश्विनी कुमार चौबे ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी को अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में अपने दम पर बहुमत हासिल करने के साथ राज्य में अगली सरकार का नेतृत्व करना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री चौबे ने अपने गृह नगर भागलपुर में यह बात कही। भाजपा ने हाल के लोकसभा चुनाव में उन्हें टिकट देने से इनकार कर दिया था। चौबे ने संवाददाताओं से कहा, यह मेरा निजी विचार है, जिसे मैंने पार्टी नेतृत्व को भी बता दिया है। भाजपा को बिहार में नई सरकार का नेतृत्व करना चाहिए। उसे राजग सहयोगियों को साथ लेकर अकेले ही बहुमत प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आलोचक माने जाने वाले चौबे से यह पूछे जाने पर कि ऐसी स्थिति में वह जनता दल यूनाइटेड (जदयू) अध्यक्ष (कुमार) की क्या भूमिका देखते हैं, उन्होंने कहा, नीतीश जी पहले भी हमारे साथ थे, अभी भी हैं और भविष्य में भी रहेंगे। लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने दम पर बहुमत नहीं हासिल कर पायी है और वह जदयू एवं अन्य सहयोगी दलों के समर्थन से केंद्र में सरकार बना पायी है।

## राहुल ने लोकसभा में आपातकाल वाले प्रस्ताव को लेकर बिरला के समक्ष आपत्ति जताई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को सदन के अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और उनके द्वारा सदन के भीतर आपातकाल का उल्लेख किए जाने को लेकर यह कहते हुए आपत्ति दर्ज कराई कि यह कदम राजनीतिक था और इससे बचा जा सकता था।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संसद भवन में बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी, जिस दौरान गांधी ने सदन में अध्यक्ष द्वारा आपातकाल का उल्लेख किए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा, ''यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी।

लोकसभा अध्यक्ष ने राहुल गांधी को विपक्ष का नेता घोषित किया। उसके बाद राहुल गांधी गठबंधन के सहयोगी नेताओं के साथ अध्यक्ष से



मिले।'' यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी ने सदन में आपातकाल की निंदा करते हुए प्रस्ताव लाए जाने के मुद्दे पर चर्चा की, वेणुगोपाल ने कहा, ''हमने संसद के कामकाज के बारे में कई चीजों पर चर्चा की। निश्चित तौर पर यह मुद्दा भी उठा।''

कांग्रेस नेता ने बताया, ''राहुल जी ने विपक्ष के नेता के रूप में अध्यक्ष को इस मुद्दे के बारे में सूचित किया और कहा कि अध्यक्ष की तरफ से इसे टाला जा सकता था। यह स्पष्ट रूप से एक राजनीतिक संदर्भ था, इसे टाला जा सकता था।''

लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में कार्यभार संभालने के बाद गांधी की अध्यक्ष के साथ यह पहली बैठक थी।


उनके साथ सपा के धर्मेंद्र यादव, द्रमुक की कनिमोझी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सुप्रिया सुले और तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी के अलावा कुछ अन्य लोग भी थे।

## राज्यपाल को विधायकों की शपथ रोकने का कोई अधिकार नहीं : ममता बनर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के उपचुनाव में निर्वाचित तृणमूल कांग्रेस के दो विधायकों को शपथ दिलाने के स्थान को लेकर उत्पन्न विवाद के बीच राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस को यह प्रकिया रोकने का कोई अधिकार नहीं है।

बनर्जी ने कहा कि राजभवन से कई घटनाओं की खबर आने के बाद उन्हें महिलाओं से शिकायतें मिली हैं जिन्होंने दावा किया है कि वे वहां जाने में असुरक्षित महसूस



करती हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य सचिवालय में कहा, ''मेरे विधायकों सायंतिका बंदोपाध्याय और रायत हुसैन सरकार को निर्वाचित हुए एक करीब एक महीना हो गया है लेकिन अब तक वे शपथ नहीं ले पाए हैं। राज्यपाल उन्हें ऐसा करने से रोक रहे हैं। यह जनता है जिसने उन्हें चुना है, न कि राज्यपाल ने। वह शपथ लेने के उनके अधिकार से वंचित नहीं कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''क्यों सभी को राजभवन जाना चाहिए? राज्यपाल (विधानसभा) अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को अधिकृत कर सकते हैं या स्वयं विधानसभा आ सकते हैं। महिलाओं ने मुझे सूचित किया है कि राजभवन से आई खबरों के मद्देनजर वे वहां जाने से डरती हैं।'' राज्यपाल ने हाल में हुए उपचुनाव में निर्वाचित दोनों विधायकों को बुधवार को राजभवन में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया था।

हालांकि, उन्होंने यह कहते हुए आमंत्रण को अस्वीकार कर दिया कि परंपरा के अनुसार उपचुनाव जीतने वाले उम्मीदवार के मामले में राज्यपाल विधानसभा अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने का काम सौंपते हैं।

## लोकसभा चुनाव के बाद से असम में लोगों का एक वर्ग अशांति उत्पन्न कर रहा : हिमंत



**नलबाड़ी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद राज्य में लोगों के एक वर्ग पर अशांति उत्पन्न करने का आरोप लगाया और कहा कि पुलिस को ऐसे लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए। शर्मा ने यहां मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''हमने देखा है कि कुछ लोग गंभीर आपराधिक गतिविधियों के जरिए राज्य में शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं।'' मुख्यमंत्री हाल ही में मजबत, ढेकियाजुली और दुधनोई में दुष्कर्म के मामलों के साथ-साथ बारपेटा और कोकराझार गांवों में भीड़ द्वारा की गई हिंसा सहित पांच घटनाओं उल्लेख कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''पिछले तीन वर्षों में ऐसे अपराधों में काफी कमी आई है, लेकिन पिछले माह में घटनाओं में वृद्धि हुई है जो कि चिंता का विषय है।'' शर्मा ने दावा किया, ''इन अपराधों में एक खास वर्ग की संलिप्तता सामने आई है। ऐसे अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देश दिया गया है।'' उन्होंने कहा, ''इस तरह की घटनाओं में वृद्धि को लेकर हम चिंतित हैं। हम इसका उचित समाधान निकालेंगे।''

## बिहार में एक और पुल गिरा, कोई हताहत नहीं

**किशनगंज/भाषा।** बिहार में एक सप्ताह से अधिक समय में पुल ढ़हने की अपनी तरह की चौथी घटना में बृहस्पतिवार को किशनगंज जिले में एक और पुल गिर गया। किशनगंज के जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने कहा कि बहादुरगंज प्रखंड में स्थित यह पुल 70 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा था। उन्होंने कहा,'' यह पुल 2011 में कनकई नदी को महानंदा से जोड़ने वाली एक छोटी सहायक नदी मड़िया पर बनाया गया था। नेपाल में जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण जल स्तर अचानक बढ़ गया है। पुल के खंभों में से एक तेज धारा का सामना नहीं कर सका।'' सिंगला ने बताया कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की आवाजाही को रोकने के लिए पुल के दोनों छोर पर 'बैरिकेडिंग' (अवरोधक लगाना) की गई है।

## 'पित्रोदा की नियुक्ति का मतलब है कि कांग्रेस ने उनकी आपत्तिजनक टिप्पणियों का समर्थन किया'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष पद पर सैम पित्रोदा की फिर से नियुक्ति का मतलब है कि कांग्रेस भारतीयों, 1986 के सिख विरोधी दंगों और पुलवामा आतंकी हमले के बारे में उनके सभी 'आपत्तिजनक और अप्रिय' बयानों का समर्थन करती है।

भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने महज देश के लोगों को 'बेवकूफ बनाने और भ्रमित करने' के लिए पित्रोदा के बयान से दूरी बना ली थी। भाजपा का यह आरोप कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा पित्रोदा को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईडब्ल्यूसी) के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए जाने के एक दिन बाद आया है। पित्रोदा ने लोकसभा चुनाव के दौरान आठ मई को 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उनकी एक टिप्पणी को लेकर विवाद खड़ा हो गया था जिसमें उन्होंने कहा था कि ''पूर्व के लोग चीनी और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी नागरिकों जैसे दिखते हैं''। सत्तारूढ़ भाजपा ने पित्रोदा की 'नस्लीय' टिप्पणियों को लेकर उन पर निशाना साधते हुए दावा किया था कि इससे विपक्षी दल की 'विभाजनकारी' राजनीति बेनकाब हो गई है।

पूनावाला ने आरोप लगाया, ''जैसे ही चुनाव समाप्त हो गए और राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता बना दिया गया, कांग्रेस ने सैम पित्रोदा को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस का अध्यक्ष फिर से नियुक्त कर दिया क्योंकि वह राहुल गांधी के सलाहकार और गुरु हैं।''

उन्होंने कहा, ''उनकी पुन: नियुक्ति के साथ ही यह स्पष्ट हो गया है कि सैम पित्रोदा द्वारा भारतीयों, भगवान राम, रामनवमी, सिख नरसंहार, पुलवामा आतंकी हमले के बारे में की गई सभी अप्रिय, आपत्तिजनक और भड़काऊ टिप्पणियों का कांग्रेस समर्थन करती है।''

## रहाणे लीसेस्टरशर के लिए काउंटी चैम्पियनशिप और वन डे कप खेलेंगे

**लीसेस्टर/भाषा।** भारत के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मौजूदा सत्र के दूसरे भाग के लिए इंग्लिश काउंटी टीम लीसेस्टरशर के साथ अनुबंध किया है। क्लब ने इसकी घोषणा की। वह काउंटी चैम्पियनशिप के अंतिम पांच मैचों में टीम का प्रतिनिधित्व करने के साथ वन डे कप में खेलेंगे। लीसेस्टरशर की टीम वन डे कप की गत चैम्पियन है। वह टीम में 36 वर्षीय खिलाड़ी वियान मुल्डर की जगह लेंगे। मुल्डर अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के साथ वेस्टइंडीज दौरे पर जा सकते हैं।


रहाणे ने सभी प्रारूपों (प्रथम श्रेणी, लिस्ट-ए और टी20) में 51 शतक की मदद से 26,000 से अधिक रन बनाए हैं। उन्होंने भारतीय टीम के लिए सभी प्रारूप में 15 शतकों के साथ 8000 से अधिक रन बनाए हैं। क्लब की ओर से जारी बयान में रहाणे ने कहा, '' मैं लीसेस्टरशर की टीम से जुड़कर काफी उत्साहित हूं। मेरी क्लाउड (हेंडरसन) और अल्फोंसो (थॉमस) के साथ अच्छे संबंध हैं और इस सत्र में टीम से जुड़ने का इंतजार कर रहा हूं। मैंने पिछले साल टीम के नतीजों को देखा और उससे काफी प्रभावित हुआ। मुझे उम्मीद है कि मैं अपनी क्रिकेट का आनंद लूंगा और इस सत्र में क्लब की अधिक सफलता में योगदान दूंगा।''

## टूर्नामेंट पूरी तरह से भारत के हिसाब से बनाया गया है, आईसीसी को थोड़ा निष्पक्ष होना चाहिए : वॉन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लंदन/भाषा।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि मौजूदा टी20 विश्व कप 'पूरी तरह से भारत के हिसाब से बनाया गया है' और वैश्विक संस्था आईसीसी को अन्य देशों के प्रति थोड़ा निष्पक्ष होना चाहिए क्योंकि यह सिर्फ व्यावसायिक फायदे के लिए करायी जाने वाली द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं है।

वॉन अकसर बीसीसीआई और भारत की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी ताकत दिखाने के लिए आलोचना करते रहते हैं। 49 वर्षीय वॉन ने यूट्यूब चैनल 'क्लब प्रेयरी फायर' पर आस्ट्रेलिया के महान



खिलाड़ी एडम गिलक्रिस्ट के साथ पोडकास्ट के दौरान कहा, ''यह उनका टूर्नामेंट है, क्या ऐसा नहीं है? सचमुच ऐसा ही है। आप जानते हैं। वे जब चाहें तब खेल सकते हैं, उन्हें पता है कि उनका सेमीफाइनल कहां है, वे हर मैच सुबह खेलते हैं ताकि रात में भारत में लोग टीवी पर उन्हें देख सकें। ''वॉन की शिकायत यह है कि भारत को अपने सभी मैच सुबह खेलने को मिले जो भारतीय दर्शकों के मुफीद हैं क्योंकि वे शाम को मैच देखते हैं।

## तृणमूल कांग्रेस के विधायकों ने विधानसभा में दिया धरना

**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ग्रहण समारोह स्थल को लेकर जारी विवाद के कारण शपथ नहीं ले पाने के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल विधानसभा परिसर में बृहस्पतिवार को धरना दिया। राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने इन दोनों विधायकों को राजभवन में शपथ लेने को कहा था जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया था। वराहनगर से निर्वाचित विधायक सायंतिका बंदोपाध्याय और भगबानगोला से निर्वाचित हुए रायत हुसैन सरकार विधानसभा परिसर में बी आर आंबेडकर की प्रतिमा के सामने बैठ गए और उन्होंने मांग की कि राज्यपाल बोस विधानसभा के अंदर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कराकर उन्हें निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के कर्तव्य का निर्वहन करने दें। राज्यपाल ने हाल में हुए उपचुनावों में निर्वाचित दोनों विधायकों को राजभवन में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया था।

# अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को पदक दिलाना लक्ष्य: मीराबाई चानू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को एक और पदक दिलाने का लक्ष्य रखा है।

मीराबाई पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने वाली भारत की इकलौती भारोत्तोलक है। 49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली यह खिलाड़ी पदक के सपने को पूरा करने के लिए चोट से बचने पर ध्यान दे रही है। तीसरी बार ओलंपिक खेलों में भाग लेने की तैयारी कर रही मीराबाई ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण), आईओसी (भारतीय ओलंपिक संघ) और भारतीय भारोत्तोलक महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) के सौजन्य से आयोजित ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में पटियाला से कहा, '' पेरिस को लेकर रोमांचित हूं लेकिन थोड़ी घबराहट और तनाव भी है। पिछले तीन साल (तोक्यो ओलंपिक के बाद) में मेरे काफी प्रतिद्वंद्वी बदल गये हैं। भारत के लिए पदक जीतने का



दबाव है लेकिन अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही तो देश के लिए पदक जीत सकती हूं।''

मीराबाई चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का है। वह चोटों से जूझती रही हैं और पीठ की समस्या तो हमेशा ही रहती है। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिससे वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं। अपने अमेरिकी फिजियो डॉ. आरोन हॉर्शिग और कोच विजय शर्मा के साथ चोटों से उबरना उनकी बड़ी चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि वह धीरे-धीरे वजन उठाने की क्षमता को बढ़ा रही है। मीराबाई ने कहा,'' मैं धीरे-धीरे वजन उठाने की अपनी क्षमता को बढ़ा रही हूं। अभी मैंने 80-85 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली है और अभ्यास के दौरान स्नैच में 70 से 80 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 100 से 110 किग्रा का भार उठा रही हूं। हम इसे धीरे-धीरे बढ़ायेंगे।'' उन्होंने भार उठाने के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''इस बारे में कुछ कहना मुश्किल है लेकिन मेरी कोशिश स्नैच में 90 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में पहले से बेहतर करने की होगी।'' खिलाड़ी ने कहा कि अभी उनका पूरा ध्यान चोट से बचने पर है। उन्होंने हॉर्शिग की तारीफ करते हुए कहा, '' उनकी मौजूदगी से काफी मदद मिली है। मैं 2020 से उनके साथ काम कर रही हूं और वह अच्छे से समझते है कि मेरे शरीर में कहां परेशानी है। वह जानते है कि चोट से कैसे जल्दी उबरना है और किस तरह से अभ्यास को आगे बढ़ाना है।''

## बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज: कपिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने कहा कि जब वह गेंदबाजी करते थे, तब से तुलना की जाये तो जसप्रीत बुमराह उनसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। बुमराह मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने अब तक 23 ओवर में 11 विकेट चटकाये हैं।

कपिल ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। ये युवा हमसे कहीं बेहतर हैं। हमारे पास अधिक अनुभव था। वे बेहतर हैं। '' बुमराह को इस समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज माना जाता है। भारत के लिए 26 टेस्ट खेल चुके इस गेंदबाज ने 159 विकेट चटकाये हैं। वह 89 वनडे में 149 विकेट और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 85 विकेट झटक चुके हैं। कपिल ने अपने करियर का समापन 434 टेस्ट विकेट के विश्व रिकॉर्ड के



साथ किया था और उन्हें अब तक के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने 253 वनडे विकेट भी लिए हैं। भारत को 1983 में पहला विश्व कप खिताब दिलाने वाले 65 वर्षीय कपिल ने मौजूदा राष्ट्रीय टीम के फिटनेस स्तर की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''खिलाड़ी बहुत अच्छे हैं। उत्कृष्ट हैं। वे अधिक फिट हैं। वे बहुत अधिक मेहनती हैं। वे शानदार हैं।''

## सुविचार

**लोगों के पास बहुत कुछ है, मगर मुश्किल यही है कि, भरोसे पर शक है और अपने शक पे भरोसा है।**


## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बेहतर भविष्य की उम्मीद

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए अपने अभिभाषण में अत्यंत महत्त्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख किया है, जो बेहतर भविष्य की उम्मीद भी जगाते हैं। आज पूरा विश्व भारत को ऐसे देश के रूप में देख रहा है, जिसमें भरपूर संभावनाएं छिपी हैं। चाहे हमारी अर्थव्यवस्था हो, युवाशक्ति हो, अंतरिक्ष अनुसंधान हो या डिजिटलीकरण का विस्तार हो ... हर कोई स्वीकार कर रहा है कि भारत में विश्व को अचंभित कर देने की शक्ति व सामर्थ्य है। राष्ट्रपति का यह कथन अत्यंत प्रासंगिक है कि 'आने वाला समय हरित युग का है।' हर साल जिस तरह मौसमी चुनौतियां सामने आ रही हैं, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण के कारण बीमारियां बढ़ रही हैं, फलों और सब्जियों के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, उसके मद्देनजर हमें हरित युग के लिए गंभीरता से प्रयास करने होंगे। शहर हो या गांव, लोगों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना होगा, स्वच्छता पर जोर देना होगा। राष्ट्रपति के इस अभिभाषण की गूंज 'सरहद' पार भी जरूर सुनाई देगी। उन्होंने जिस तरह कश्मीर घाटी में रिकॉर्ड मतदान का जिक्र किया, उससे पाकिस्तान और चीन जरूर तिलमिलाए होंगे। बेशक इससे देश के दुश्मनों को करारा जवाब मिला है। अनुच्छेद 370 के लागू रहते जम्मू-कश्मीर में परिस्थितियां काफी जटिल थीं। अब वहां भारत का संविधान पूरी तरह लागू हो गया है। इससे जम्मू-कश्मीर की छवि बदली है। पहले यह माना जाता था कि वहां हड़ताल-प्रदर्शन ही होते रहते हैं। लोकसभा चुनावों में अलगाववादी ताकतें मतदान का बहिष्कार करती थीं और उसके बाद दुनिया में दुष्प्रचार करती थीं कि यह कश्मीरियों की 'इच्छा' की अभिव्यक्ति है। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान जिस तरह लोग उमड़े, वह अद्भुत दृश्य था। इससे अलगाववादी पस्त हैं। आतंकवादियों के आका परेशान हैं। भविष्य में जब मतदान का आंकड़ा और बढ़ेगा तो भारतविरोधी तत्त्वों की रही-सही हिम्मत भी जवाब दे जाएगी।

राष्ट्रपति ने हाल में परीक्षाओं के पेपर लीक होने की घटनाओं की जांच कराने और दोषियों को सजा दिलाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराकर परीक्षार्थियों के हितों का ध्यान रखा है। कोई विद्यार्थी सालभर पढ़ाई करता है, परीक्षा देता है और जब उसे पता चलता है कि कुछ शातिर लोगों ने पेपर का पहले ही सौदा कर दिया तो इससे उसे निराशा होती है। यह एक कड़ी तपस्या के अंतिम क्षणों में विघ्न पड़ने जैसा है। इन बच्चों का क्या दोष है कि ये इसका खामियाजा भुगतें? जो पेपर लीक करते या कराते हैं, बदले में धन लेते हैं, उन सबको कड़ा सबक मिलना ही चाहिए। मेहनती विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए जरूरी है कि पेपर लीक की घटनाओं से जुड़े हर दोषी को सख्त सजा मिले। यह भारतीय शिक्षा और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता का भी सवाल है। राष्ट्रपति ने एक और जिस ज्वलंत समस्या का उल्लेख किया, वह है- दुष्प्रचार की चुनौती। बेशक इससे निपटने के लिए हमें नए रास्ते खोजने की जरूरत है। आज सोशल मीडिया के जरिए दुष्प्रचार का सिलसिला बहुत तेजी से बढ़ता जा रहा है। इससे अफवाहें फैलाकर लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। यही नहीं, लोगों को आर्थिक हानि भी हो रही है, जिसके पीड़ितों में सामान्य व्यक्ति से लेकर उच्च शिक्षित तक शामिल हैं। एक दशक पहले जब सोशल मीडिया का भारत में विस्तार हो रहा था, तब शायद ही किसी ने इस बारे में सोचा होगा। अब सोशल मीडिया 'खतरनाक' जगह बनता जा रहा है। दुष्प्रचार करने वाली ताकतें इसे हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रही हैं। सोशल मीडिया मंचों को अधिक सुरक्षित और जवाबदेह बनाने की जरूरत है। देश की एकता, अखंडता और सद्भाव से खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं मिलनी चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता व हम सभी के मार्गदर्शक 'भारत रत्न' आदरणीय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी के अस्वस्थ होने का समाचार प्राप्त हुआ। प्रभु श्रीराम जी, श्रद्धेय आडवाणी को अतिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें, ऐसी कामना करती हूँ।

**-दीया कुमारी**



साल 1971 के भारत-पाक युद्ध में अपने नेतृत्व से पाकिस्तान को पराजित करने वाले भारतीय सेना के पूर्व सेनाध्यक्ष एवं पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ जी की पुण्यतिथि पर मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

**-गोविंद सिंह डोटासरा**



सदन के सदस्य आपकी भावनाओं के अनुरूप विकसित भारत की संकल्प की सिद्धि में आने वाले अवरोधों को दूर करते हुए स्वस्थ चर्चा और सकारात्मक आलोचना के माध्यम से देशवासियों की आशाओं-आकांक्षाओं को पूरा करने में सदन के समय का सदुपयोग करेंगे।

**-ओम बिरला**

## प्रेरक प्रसंग

# धर्म का मर्म

लाहौर में आयोजित दरबार में महाराजा रणजीत सिंह जी का राजतिलक समारोह हो रहा था। जब उन्हें 'महाराजा' शब्द से संबोधित किया गया तो उन्होंने कहा, 'मैं राजा नहीं, सबका सेवक हूं। महाराजा तो वह ऊपर वाला है। मुझे मेरे नाम से ही पुकारो।' इसके बाद रस्म के मुताबिक उनके सिर पर हीरों का हार रखा जाना था। लेकिन उन्होंने हीरों से जड़ित ताज पहनने से भी इनकार कर दिया। परंपरानुसार उनके नाम पर 'महाराजा रणजीत सिंह सिक्का' चलाने का अवसर आया। लेकिन उन्होंने कहा यह सिक्का मेरे नाम पर नहीं, गुरुनानक देव जी महाराज के नाम पर चलाया जाना चाहिए और तब पहली बार नानकशाही सिक्का चलाया गया। रणजीत सिंह ने न्याय को सर्वोपरि धर्म घोषित कर प्रत्येक नागरिक को निष्पक्ष न्याय और आवश्यक सुविधाएं दिए जाने का आदेश जारी किया। वे धर्म का असली मर्म समझते थे।

## सामयिक

# राहुल गांधी का कद भी बढ़ा एवं राजनीतिक कौशल भी

**ललित गर्ग**
**मोबाइल : 9811051133**

राहुल गांधी लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता बन गये हैं, यह उनका पहला संवैधानिक पद है, इससे पहले वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। इस बड़े पद के साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ जायेंगी। दस वर्षों बाद लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद मिला है। वैसे इस बार के चुनाव एवं चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद राहुल गांधी का न केवल आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि उनमें राजनीतिक कौशल एवं परिपक्वता भी देखने को मिल रही है, इससे यह प्रतीत होता है कि वे प्रतिपक्ष नेता के पद के साथ न्याय करते हुए अपनी राजनीति को चमकायेंगे एवं रसातल में जा चुकी कांग्रेस को सुदृढ़ करेंगे। वैसे देखा गया है कि प्रतिपक्ष के नेता बनने वाले अधिकांश लोग प्रधानमंत्री तक पहुंचे हैं। लेकिन राहुल गांधी को इसके लिये अभी लम्बा संघर्ष करना होगा, परिपक्व राजनीति एवं देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को साबित करना होगा। निश्चित ही राहुल गांधी का कद बढ़ा है और अब वे स्वल्प समय में ही कद्दावर नेता की तरह राजनीति करने लगे हैं। राहुल को देशभर में निकाली यात्राओं एवं चुनाव प्रचार में निभाई सशक्त भूमिका ने मजबूती दी है। राहुल की राजनीति को चमकाने में कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा' के अलावा मणिपुर से मुंबई तक की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अब प्रतिनेता के रूप में उनकी एक नई यात्रा शुरु हो रही है जो उन्हें नई राजनीतिक ऊंचाई दे सकती है।

देश को 10 साल बाद राहुल गांधी के रूप में विपक्ष का नेता मिला है, जो संसदीय राजनीति के लिए एक अच्छी खबर है। इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी एवं जनता की आवाज को जोरदार तरीके से उठाने एवं सरकार की नीतियों-योजनाओं पर तीखी नजर रखने एवं प्रभावी सवाल उठाने की स्थितियों को बल मिलेगा। लेकिन विपक्ष की नुमाइंदगी का मतलब यह नहीं कि वह हर मामले में सत्ता पक्ष के खिलाफ हो, बल्कि यह है कि वह हमेशा जनता के साथ हो और उसकी ओर से मुद्दे उठाए। नेता प्रतिपक्ष पद से सरकार के साथ ही विपक्ष पर भी जवाबदेही का दबाव बढ़ता है। राहुल की सुविधाएं बढ़ने के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ गयी है। 16वीं और 17वीं लोकसभा में कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों के पास इस पद के लिए आवश्यक 10 प्रतिशत सदस्य नहीं थे। कांग्रेस ने इस बार लोकसभा चुनाव में 99 सीट जीतकर इस पद को हासिल किया है। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी केंद्रीय सतर्कता आयोग, केंद्रीय सूचना आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार से जुड़े चयन के अलावा लोकपाल, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक जैसी प्रमुख नियुक्तियों पर महत्वपूर्ण पैनल के सदस्य भी होंगे। प्रधानमंत्री इन पैनल के प्रमुख होते हैं। नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी को लोकसभा में पहली पंक्ति में



सीट मिलेगी। यह सीट डिप्टी स्पीकर की सीट के बगल वाली होगी। इसके अलावा संसद भवन में सचिवीय तथा अन्य सुविधाओं से युक्त एक कमरा भी मिलेगा। विपक्ष के नेता को औपचारिक अवसरों पर कुछ विशेषाधिकार भी प्राप्त होते हैं। एक केन्द्रीय मंत्री को मिलने वाली सभी सुविधाएं राहुल गांधी को मिलेगी।

राहुल गांधी इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह लोकसभा में केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के अमेठी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह पांचवीं बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव ने कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवन दिया है। इस बार के चुनाव परिणाम ने कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल को मनोवैज्ञानिक लाभ पहुंचाया है, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है। इससे कांग्रेस ने अपना आत्मविश्वास फिर से पा लिया है, जो कोई छोटी बात नहीं। और यह राहुल और प्रियंका गांधी की गतिविधियों में साफ झलकता है। साथ ही, अब इस बात को लेकर भी कांग्रेस में कोई दुविधा नहीं रह गई है कि गांधी परिवार ही सर्वोच्च है और पार्टी पर उसका पूरा नियंत्रण होगा। इसका यह भी मतलब है कि टीम-राहुल का सभी मामलों में फैसला अंतिम होगा।

पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद संभालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती होगी कि वह किस तरह पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलते हुए रचनात्मक विरोध की भूमिका को आकार देते हैं। कांग्रेस का सबसे बड़ा काम दलित और पिछड़े मतदाताओं ने यूपी में जो उनकी मदद की है, उनका विश्वास बनाए रखने का है। यह बड़ी सचाई है कि आज भी देश के महत्त्व के राज्यों में भाजपा को क्षेत्रीय दल शिकस्त दे रहे हैं। अगर क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस का गठजोड़ बना रहे, तो ही भाजपा पर दबाव आएगा। बड़ा सच यह भी है कि न भाजपा बदली है ना उसकी विचारधारा। भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी को भले ही चुनावों में पूर्ण बहुमत न मिला हो, लेकिन वह ही आज ताकतवर है। यह भी समझना होगा कि भाजपा विपक्ष की ताकत से नहीं, बल्कि सरकार की बड़ी गलतियों एवं पार्टी के अति उत्साह से नुकसान में पहुंची है।

यह भी एक तथ्य है कि मुस्लिमों के सक्रिय-समर्थन के बिना कांग्रेस को कामयाबी नहीं मिल सकती थी। निश्चित ही मुसलमानों के वोट की अहमियत कुछ-कुछ सीटों पर हार-जीत का फैसला कर गई है। भाजपा अपनी आगे की रणनीति इसी आधार पर बनाएगी और वो पिछले चुनावों के जैसी ही होगी। मतलब कि भाजपा कोई नई भाषा नहीं बोलने वाली है। वह आरोप लगाती रहेगी कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण करती है। कांग्रेस के सामने चुनौती होगी कि वो इस आरोप को अपने पर आने न दे, ताकि भाजपा हिंदुओं के हितों की एकमात्र रक्षक है, ऐसा दावा ना कर सके। कांग्रेस को इस हिंदू-मुस्लिम राजनीतिक बवंडर से बचने के लिये अपनी रणनीति को बनाना होगा। बिना हिन्दू वोट के कांग्रेस सफल राजनीतिक पारी नहीं खेल सकती है। इसके साथ ही कांग्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सफलता और निष्फलता का सही आकलन कर लेना जरूरी है। जनता के समक्ष अपना आत्मविश्वास बढ़ाए रखना अच्छी बात है, लेकिन मोदी आज जिस जमीन पर खड़े हैं, जनता के बीच उनकी जो स्वीकार्यता है उसका सही आकलन करना कांग्रेस की आगे की रणनीति के लिए बेहद जरूरी होगा।

राहुल गांधी सदन में विपक्ष की मजबूत आवाज बनकर उभरेंगे, इसमें सन्देह नहीं है। पक्ष एवं विपक्ष के बीच एक संतुलन बनना लोकतंत्र की खूबसूरती है एवं अपेक्षा भी है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में विपक्ष के नेता की प्रमुख भूमिकाओं में से एक सरकार की नीतियों पर 'प्रभावी' सवाल उठाना है। विपक्ष के नेता की भूमिका वास्तव में बहुत चुनौतीपूर्ण होती है क्योंकि उसे सरकार की विधायिका और जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करनी होती है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्हें सरकारी प्रस्तावों-नीतियों के विकल्प प्रस्तुत करने होते हैं। निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष अलग एवं ऊंचे स्तर पर अपने तेवर दिखा सकता है। सरकार के लिए कोई भी बिल पास कराना अब इतना आसान नहीं होगा। मोदी की स्थिर सरकार देने की जद्दोजहद के बीच मोदी और राहुल के बीच की टकराव की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता है, लेकिन बावजूद इसके सदन में सकारात्मक वातावरण बना रहना भी जरूरी है। स्थिर सरकार देश की बड़ी जरूरत है, राजनेताओं से उम्मीद की जाती है कि एक बार जनादेश आने के बाद वे चुनावी दौर की कड़वाहट एवं आरोप-प्रत्यारोप की छिछालेदार राजनीति को भुलाते हुए जनता के हित में मिलकर काम करें। इस बार भी चुनाव में अपनी-अपनी पार्टियों के प्रचार की अगुआई करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने एक-दूसरे पर खूब हमले बोले हैं। अब उन बातों को पीछे छोड़ते हुए उन्हें बेहतर तालमेल वाले कामकाजी रिश्ते कायम करते हुए देशहित को सामने रखना होगा। राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठना होगा।

## मंथन

# योगी ने 2027 की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया

**संजय सक्सेना**
**मोबाइल : 8299050585**

लोकसभा चुनाव में मनमाफिक नतीजे नहीं आने से परेशान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों में जोश भरने का काम कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में कैंपियरगंज और पिपराइच विधानसभा के क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक में उन्हें बीते चुनाव की समीक्षा करने और अगले की तैयारी में जुटने को कहा है। योगी आदित्यनाथ ने साफ कहा की चुनाव में विरोधियों के दुष्प्रचार और भ्रम जाल में फंसकर कई लोग भाजपा से दूर हुए। अब सभी पदाधिकारियों ऐसे लोगों के बीच जाएं और संविधान के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता बताए। कांग्रेस के पूर्व निर्णयों से भी लोगों को अवगत कराएं।

मुख्यमंत्री ने बूथ स्तरीय पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि रूठे लोगों के मनाएं और उन्हें दोबारा भाजपा के साथ मजबूतों से जोड़ें। गोरखपुर लोकसभा सीट पर एक लाख वोटों के अंतर से मिली जीत पर बधाई देकर उन्होंने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया। योगी ने संवाद के क्रम में सुझाव देते हुए कहा कि विपक्ष द्वारा संविधान को लेकर लोगों को भ्रमित और कई तरह के प्रलोभन से जनता को गुमराह किया गया। यही कारण रहा कि 2022 की तुलना में हर विधानसभा क्षेत्र में वोट का अंतर कहा कम हुआ। सीएम योगी ने कहा कि ऐसे में बूथवार समीक्षा जरूरी है जो पुराने सहयोगी हमसे कटे है, उनसे संपर्क करें। नए लोगों को भी जोड़ें। नए और पुराने के बीच समन्वय बनाकर आगामी चुनाव की तैयारी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बूथ प्रभारी अपने-अपने बूथ पर मिले वोटों की समीक्षा करें। 2017 और 2022 के विधानसभा और 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव में मिले वोटों के आधार पर नए सिरे से रणनीति बनाकर 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाएं स्वयं समीक्षा करें कि वोटों का अंतर क्यों कम हुआ है। जो कारण मिले उसे दूर करने की दिशा में काम करें।



## नजरिया

# युवाओं में फैलता शराब के नशे का मकड़जाल

**बाल मुकुन्द ओझा**
**मोबाइल : 9414441218**

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शराब को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। इस संबंध में संगठन ने अपनी एक ताज़ा रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि शराब की वजह से हर साल करीब 30 लाख लोगों की मौत होती है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में मृत्यु दर में थोड़ी कमी आई है। इस नए रिपोर्ट को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि आंकड़ें भले ही कम हो रहे हों लेकिन यह अभी भी 'अस्वीकार्य रूप से उच्च' बनी हुई है। शराब और स्वास्थ्य पर पेश इस नवीनतम रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब से सेवन से हर साल दुनिया भर में 20 में से लगभग एक मौत शराब पीने के कारण होती है। शराब पी के गाड़ी चलाने, शराब के कारण होने वाली हिंसा और दुर्व्यवहार और कई तरह की बीमारियों और विकारों के कारण यह मौत होती है।

नशाखोरी इस सदी की सबसे बड़ी समस्या है जिसमें शराब का नशा प्रमुख है। आज युवा वर्ग शराब के नशे में खोता जा रहा है। शराब जैसे तन मन और परिवार को खोखला करने वाली की लत उन्हें बर्बाद कर रही है। शुरू में युवा शौक के तौर पर शराब का सेवन करता है और बाद में नशे की मांग पूरी करने के लिए तस्करी और गैर सामाजिक कार्य के कारोबार में फंस जाता है। आजकल के बदलते लाइफस्टाइल में हमारे देश में नशा एक ऐसा अभिशाप बन कर उभर रहा है जो हमारे युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। साल-दर-साल इन युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही




है। युवाओं में शराब जैसे खतरनाक नशे के बढ़ते चलन के पीछे बदलती जीवनशैली, अकेलापन, बेरोज़गारी और आपसी कलह जैसे अनेक कारण हो सकते हैं।

युवाओं में तेजी से बढ़ रही शराब की लत को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ समय-समय सचेत करते रहते हैं। शराब का सेवन शरीर को गंभीर क्षति पहुंचा सकता है। युवाओं के बीच शराब का सेवन एक चलन सा चल पड़ा है। शराब एक नशीला पदार्थ है, जिसको एक प्रकार का अवसाद भी माना जाता है।

एक सरकारी सर्वेक्षण के अनुसार भारत में पांच में से एक शख्स शराब पीता है। सर्वे के अनुसार 19 प्रतिशत लोगों को शराब की लत है। जबकि 2.9 करोड़ लोगों की तुलना में 10-75 उम्र के 2.7 प्रतिशत लोगों को हर रोज ज्यादा नहीं तो कम से कम एक पेग जरूर चाहिए होता है और ये शराब के लती होते हैं। सर्वेक्षण के अनुसार देशभर में 10 से 75 साल की आयु वर्ग के 14.6 प्रतिशत यानी करीब 16 करोड़ लोग शराब पीते हैं। छत्तीसगढ़, त्रिपुरा, पंजाब, अरुणाचल प्रदेश और गोवा में शराब का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। इस सर्वे की चौंकाने वाली बात यह है कि देश में 10 साल के बच्चे भी नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में शामिल हैं।

एक अन्य सर्वे के मुताबिक भारत में गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लगभग 37 प्रतिशत लोग नशे का सेवन करते हैं। इनमें ऐसे लोग भी शामिल है जिनके घरों में दो जून रोटी भी सुलभ नहीं है। जिन परिवारों के पास रोटी-कपड़ा और मकान की सुविधा उपलब्ध नहीं है तथा सुबह-शाम के खाने के लाले पड़े हुए हैं उनके मुखिया मजदूरी के रूप में जो कमा कर लाते हैं वे शराब पर फूंक डालते हैं। इन लोगों को अपने परिवार की चिन्ता नहीं है कि उनके पेट खाली हैं और बच्चे भूख से तड़फ रहे हैं। ऐसे लोगों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। ये लोग कहते हैं वे गम को भुलाने के लिए नशे का सेवन करते हैं। उनका यह तर्क कितना बेमानी है जब यह देखा जाता है कि उनका परिवार भूखे ही सो रहा है। युवाओं में नशा करने की बढ़ती प्रवृत्ति के चलते शहरी और ग्रामीण अंचल में आपराधिक वारदातों में काफी इजाफा हो रहा है। शराब के साथ नशे की दवाओं का उपयोग कर युवा वर्ग आपराधिक वारदातों को सहजता के साथ अंजाम देने लगे हैं। हिंसा, बलात्कार, चोरी, आत्महत्या आदि अनेक अपराधों के पीछे नशा एक बहुत बड़ी वजह है। शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए एक्सीडेंट करना, शादीशुदा व्यक्तियों द्वारा नशे में अपनी पत्नी से मारपीट करना आम बात है । शराब पीने से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, जिनमें लीवर का सिरोसिस और कुछ कैंसर शामिल हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि 2019 में इसके कारण हुई सभी मौतों में से लगभग 1.6 मिलियन गैर-संचारी रोगों से हुई थीं। इनमें से 474,000 हृदय संबंधी बीमारियों से, 401,000 कैंसर से और 724,000 लोग यातायात दुर्घटनाओं और खुद को नुकसान पहुंचाने सहित चोटों से हुई थीं। रिपोर्ट में पाया गया कि शराब का सेवन करने से लोग तपेदिक, एचआईवी और निमोनिया जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# चांद से जुटाए नमूनों का अध्ययन करने के लिए चीन ने सभी देशों के वैज्ञानिकों को बुलाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बैंकॉक। चीन के अंतरिक्ष अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि चांद पर एक ऐतिहासिक अभियान को पूरा करने के बाद पृथ्वी पर लौटे चांग ई-6 द्वारा जुटाये गये नमूनों के अध्ययन के लिए वे दुनियाभर के वैज्ञानिकों का स्वागत करते हैं लेकिन अन्वेषण की इस प्रक्रिया में कुछ सीमाएं हैं, विशेषरूप से अमेरिका के साथ।

अधिकारियों ने अभियान की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देने के लिए बीजिंग में आयोजित एक टेलीविजन समाचार सम्मेलन में बताया कि अमेरिका के साथ किसी भी तरह का सहयोग, नासा के साथ प्रत्यक्ष द्विपक्षीय सहयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले अमेरिकी कानून को हटाने पर निर्भर होगा।

चीन के नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन के उपाध्यक्ष बियान झिगांग ने बताया, ''अमेरिक-चीन अंतरिक्ष सहयोग में बाधा की जड़ वुल्फ संशोधन में बरकरार है।'' उन्होंने कहा, ''अगर अमेरिका वास्तव में नियमित अंतरिक्ष सहयोग शुरू करना चाहता है तो मुझे लगता है कि उन्हें इस बाधा को दूर करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।'' वुल्फ संशोधन 2011 में प्रभावी हुआ था और यह संशोधन अमेरिका और चीन के बीच केवल उन द्विपक्षीय सहयोग को मंजूरी देता है, जिसमें एफबीआई यह प्रमाणित कर सके कि कार्य के दौरान चीनी पक्ष के साथ सूचना साझा करने से राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है।

समर्पित




नई दिल्ली में गुरुवार को केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने 'अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस 2024' के अवसर पर उद्यमी भारत कार्यक्रम के दौरान एमएसएमई टीम पहल और यशस्विनी अभियान को एमएसएमई को समर्पित किया।इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री, शोभा करंदलाजे और कानून और न्याय और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद रहे।

# अमेरिकी जांच एजेंसी ने बोइंग पर सूचना साझा करने को लेकर प्रतिबंध लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

न्यूयॉर्क। विमान विनिर्माता बोइंग को अमेरिकी संघीय जांच के बारे में जानकारी मीडिया के साथ साझा करने पर अमेरिकी जांचकर्ता उसे प्रतिबंधित करने जा रहे हैं।

यह मामला इस साल पांच जनवरी को बोइंग 737 मैक्स 9 विमान में एक बड़ा छेद होने के कारण पैदा हुई आपात स्थिति की जांच से संबंधित है। हालांकि, पायलट विमान को बिना किसी क्षति के सुरक्षित उतारने में सफल रहे थे।

राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने बृहस्पतिवार को कहा कि बोइंग ने विमान में आपात दरवाजे की जगह पर लगाए गए डोर प्लग के निकल जाने के बारे में मीडिया को गैर-सार्वजनिक जांच जानकारी देकर और घटना के संभावित कारणों के बारे में अटकलबाजी कर एजेंसी के जांच नियमों का 'स्पष्ट उल्लंघन' किया है।

यह घटना ओरेगन के पोर्टलैंड में पांच जनवरी को हुई थी जिसमें बोइंग का 737 मैक्स 9 विमान किसी बड़े हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बचा था। अलास्का एयरलाइंस के इस विमान में अतिरिक्त आपातकालीन दरवाजे वाली जगह को एक पैनल से ढंका गया था लेकिन यह पैनल उखड़ गया। हालांकि, पायलट बिना किसी नुकसान के विमान को सुरक्षित रूप से उतारने में सफल रहे थे। एनटीएसबी ने कहा कि मंगलवार को बोइंग के एक अधिकारी ने मीडिया को अलास्का एयरलाइंस की घटना के बारे में जांच संबंधी गैर-सार्वजनिक जानकारी दी थी। लेकिन यह सूचना सत्यापित नहीं थी और जारी करने के लिए अधिकृत नहीं थी। एनटीएसबी ने कहा कि बोइंग ने एनटीएसबी की जांच को डोर प्लग उखड़ने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति की तलाश के रूप में पेश किया, लेकिन एजेंसी ने कहा कि यह दुर्घटना के संभावित कारण पर केंद्रित है और वह किसी व्यक्ति पर दोष नहीं लगा रही है।

# चीन के पूर्व रक्षा मंत्री भ्रष्टाचार के आरोपों में कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित

बीजिंग/भाषा। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी ने भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर बृहस्पतिवार को पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू को निष्कासित कर दिया और उनके खिलाफ अभियोजन की कार्यवाही शुरू कर दी गई। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के नेतृत्व ने बृहस्पतिवार को पार्टी अनुशासन व कानून के घोर उल्लंघन के लिए 66 वर्षीय ली को निष्कासित करने का फैसला किया।

पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के अत्यंत महत्वपूर्ण रॉकेट (मिसाइल) बल के प्रमुख रहे ली पिछले वर्ष लापता हो गए थे, जिसके बाद यह अटकलें लगाई जाने लगी थीं कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार व अनुशासनहीनता की जांच की जा रही है। शी ने खुद ली को रक्षा मंत्री नियुक्त किया था।

वह पहले स्टेट काउंसलर (पार्टी में शीर्ष पद) और केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

# फिल्म सिटी के लिए बोनी कपूर का यीडा से करार, 1,510 करोड़ रुपये का निवेश होगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नोएडा (उप्र)/भाषा। फिल्म सिटी के निर्माण के लिए फिल्म निर्माता बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स और यमुना प्राधिकरण ने एक समझौते पर बृहस्पतिवार को हस्ताक्षर किए हैं।

फिल्म सिटी का निर्माण कम से कम 1,510 करोड़ रुपये के निवेश से किया जा रहा है और इससे 10 हजार नौकरियों का सृजन होने की उम्मीद है।

बेव्यू प्रोजेक्ट्स ने 31 जनवरी को उत्तर प्रदेश सरकार को 18 प्रतिशत राजस्व हिस्सेदारी की पेशकश के साथ बोली जीती थी। समझौते पर बोनी कपूर और भूटानी समूह के आशीष भूटानी ने हस्ताक्षर किए।

ग्रेटर नोएडा स्थित यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुण वीर सिंह और अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र भाटिया की उपस्थिति में प्राधिकरण के कार्यालय में हस्ताक्षर किए गए।

भूटानी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' हम सबसे बड़ी फिल्म सिटी बनाएंगे जो देश के सबसे बड़े हवाई अड्डे के पास होगी। इसमें कम से कम 1,510 करोड़ रुपये का निवेश होगा।'' भूटानी समूह के प्रबंध निदेशक ने कहा कि इस नई परियोजना से 10,000 नौकरियों का सृजन होगा। परियोजना के नोडल अधिकारी भाटिया ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' समझौते के साथ ही फिल्म सिटी विकास के पहले चरण के लिए भूमि का हिस्सा रियायती आधार पर सौंप दिया गया है। अब वे वहां निर्माण कार्य शुरू करेंगे।'' उन्होंने कहा कि प्रमुख निर्माण कार्य 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है, जबकि शेष काम उसके बाद होगा।

उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम यीडा 165 किलोमीटर लंबे यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे की जमीन का प्रबंधन करता है। फिल्म सिटी एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) वाली परियोजना है। फिल्म सिटी का निर्माण नोएडा के पास यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे यीडा के सेक्टर-21 में सार्वजनिक-निजी भागीदारी में 1,000 एकड़ भूमि पर किया जाएगा। पहले चरण में करीब 230 एकड़ भूमि पर काम होगा। 1,000 एकड़ भूमि में से 220 एकड़ वाणिज्यिक और 780 एकड़ औद्योगिक इस्तेमाल के लिए है।

# ऑस्कर अकादमी का सदस्य बनकर गौरवान्वित महसूस कर रही हूं: रीमा दास

नई दिल्ली/भाषा। फिल्म निर्माता रीमा दास ने कहा कि वह एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) की सदस्य बनकर सम्मानित महसूस कर रही हैं। 'टोराज़ हसबैंड' और 'विलेज रॉकस्टार्स' जैसी पुरस्कृत फिल्मों की निर्देशक दास इस वर्ष अकादमी द्वारा आमंत्रित 487 नए सदस्यों में से एक हैं। भारत से अभिनेत्री शबाना आजमी, 'आरआरआर' के निर्देशक एसएस राजामौली, निर्माता रितेश सिधवानी और प्रसिद्ध छायाकार रवि वर्मन को भी ऑस्कर अकादमी द्वारा आमंत्रित किया गया है।

रीमा दास ने कहा, '' मैं अकादमी का सदस्य बनकर सम्मानित महसूस कर रही हूं। 'विलेज रॉकस्टार्स' के 2019 में ऑस्कर में प्रवेश करने के साथ अकादमी में सफर शुरू हुआ था। अब इस समुदाय के हिस्से के रूप में, मैं अपनी संस्कृति को सर्वश्रेष्ठ पहचान दिलाने और सिनेमा को आगे ले जाने में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।''



# फिल्म 'सौतन' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर कल

मुंबई/एजेन्सी

वर्ल्ड वाइड फिल्म प्रोडक्शंस प्रेजेंट सुपर स्टार विक्रांत सिंह राजपूत, रितु सिंह, संचिता बनर्जी और देव सिंह की फिल्म सौतन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 29 जून को भोजपुरी सिनेमा पर होगा। फिल्म सौतन के निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं जबकि निर्देशक अजय कुमार झा हैं। फिल्म सौतन का प्रसारण भोजपुरी सिनेमा पर संध्या छह बजे से 29 जून को होगा।इस फिल्म को दंगल एप्प पर भी देखा जा सकता है।

निर्माता प्रदीप कुमार ने कहा कि सौतन एक ऐसी कहानी है जो दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ देगी। विक्रांत, रितु और संचिता ने अपने-अपने किरदारों को बखूबी निभाया है और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे। सौतन के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर का आनंद लें। इस अद्भुत फिल्म को देखने का मौका न चूकें। फ़िल्म सौतन में विक्रांत सिंह राजपूत, रितु सिंह, संचिता बनर्जी, देव सिंह, श्वेता वर्मा, ललित उपाध्याय, कंचन मिश्रा, जे नीलम, रंभा साहनी, चाहत राज मुख्य भूमिका में हैं।



# अक्षय कुमार के घर पहुँचे अनंत अंबानी, दिया अपनी शादी का कार्ड

मुंबई/एजेन्सी

मुकेश अंबानी के बेटे अनन्त अंबानी अपनी शादी में सिनेमाई सितारों की भीड़ जुटाने का काम स्वयं कर रहे हैं। अनन्त अंबानी स्वयं अपनी शादी का कार्ड देने सितारों के घर पर जा रहे हैं। पिछले दिनों उनका एक वीडियो अजय देवगन के घर से बाहर आते हुए वायरल हुआ था, जहाँ वे उनको अपनी शादी का कार्ड देने गए थे। अब वे अक्षय कुमार के घर पर पहुँचे हैं, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। अनंत बुधवार 26 जून को अक्षय के घर के बाहर चमचमाती सफेद रॉल्स रॉयस में बैठे दिखाई दिए। इस दौरान अनंत के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी।

अनंत की अक्षय के जुहू वाले घर के बाहर निकलने की कई तस्वीरें इंटरनेट पर छाई हुई हैं। अनंत गाड़ी में बैठे हैं और उनकी सिक्योरिटी रास्ता बना रही है। पैपराजी के कैमरे के लिए अनंत ने स्माइल दी। शादी का कार्ड भी जमकर वायरल हो रहा है, जो सोने और चांदी से बना है। इसमें कई हिंदू देवी-देवताओं की मूर्ति और फ्रेम हैं। ये देखने में एक छोटे मंदिर जैसा है। इसका बॉक्स खुलता है तो मंत्र बजने लगता है। शादी के फंक्शन 12 से 14 जुलाई तक चलेंगे।

बिजनेस टॉयकून मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की होने वाली शादी लंबे समय से सुर्खियों में है। इसकी 2 प्री वेडिंग इवेंट हो चुकी है, जिनमें दुनियाभर की हस्तियों के साथ बॉलीवुड के तमाम बड़े सितारों ने शिरकत की। पहली बार 1 से 3 मार्च तक गुजरात के जामनगर में प्री वेडिंग फंक्शन हुए थे। इसके बाद हाल ही में यूरोप के दो देश इटली और फ्रांस में फंक्शन का रंग जमा। अनंत और राधिका की शादी 12 जुलाई को होगी।

# 'आयरनमैन रेस' के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं सैयामी खेर

मुंबई/एजेन्सी



मानसून के मौसम में खुद को फिट रख पाना सबसे बड़ा चैलेंज बन जाता है। इस मौसम में बारिश की वजह से बाहर निकल पाना मुश्किल हो जाता है। मुंबई की मानसून के बीच भी फिटनेस फ्रीक बॉलीवुड एक्ट्रेस सैयामी खेर आयरनमैन रेस के लिए ट्रेनिंग में जमकर पसीना बहा रही हैं। बता दें कि सैयामी एक्टिंग के अलावा रेसिंग के लिए भी जानी जाती हैं। वह दुनिया भर के कई रेसिंग कंपटीशन में हिस्सा ले चुकी हैं। वह 15 सितंबर को जर्मनी में होने वाली आयरनमैन ट्रायथलॉन में हिस्सा लेंगी। सैयामी ने कहा, मेरी हमेशा से ही स्पोटर्स में दिलचस्पी रही है। मैंने दो फुल मैराथन और 20 से ज्यादा हाफ मैराथन में हिस्सा लिया है। इसलिए मेरा अगला लक्ष्य आयरनमैन है। स्पोटर्स मुझे दिमागी तौर पर मजबूत बनाता है। यह दिमाग को शांत करने का मेरा तरीका है।''

उन्होंने कहा, मैं मुंबई में रहती हूं, और यह मानसून का मौसम है। मैं मौसम के चलते दौड़ना बंद नहीं कर सकती, क्योंकि रेस मात्र तीन महीने दूर है। मौसम मेरी मेहनत में रुकावट नहीं बनेगा। मुझे वास्तव में बारिश में दौड़ना और तैरना पसंद है। मुझे बारिश के मौसम में खाली सड़कें भी पसंद है!'' सैयामी की ट्रेनिंग में इनडोर और आउटडोर एक्सरसाइज शामिल हैं। वह अपने रनिंग सेशन के लिए बारिश के बावजूद बाहर निकलती हैं जबकि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और साइकिलिंग के लिए इनडोर फैसिलिटी का इस्तेमाल करती हैं। अपकमिंग प्रोजेक्ट के बारे में बात करें तो सैयामी जल्द ही सनी देओल के साथ तेलुगु फिल्म निर्माता गोपीचंद मालिनेनी की एक्शन फिल्म में दिखाई देंगी। फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं किया गया है, इसे फिलहाल 'एसजीडीएम' नाम दिया है। गोपीचंद मालिनेनी तेलुगु सिनेमा में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 'डॉन सीनू', 'बालुपु', 'पंडगा चेस्को', 'विनर', 'बॉडीगार्ड' और 'क्रैक' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। फिल्म की शूटिंग 22 जून को शुरू हुई थी। इसके अलावा, सैयामी ताहिरा कश्यप द्वारा निर्देशित 'शर्मा जी की बेटी' में भी काम कर रही हैं। इसकी कहानी तीन महिलाओं साक्षी तंवर, दिव्या दत्ता और सैयामी खेर के इर्द-गिर्द घूमती है। तीनों ही अपनी जिंदगी में अपने वजूद की तलाश कर रही हैं। फिल्म में वंशिका तपारिया, अरिस्ता मेहता, शारिब हाशमी और परवीन डबास भी अहम रोल में हैं। सैयामी को इससे पहले आर. बाल्की द्वारा निर्देशित स्पोटर्स ड्रामा 'घूमर' में देखा गया था। इस फिल्म में शबाना आजमी, अभिषेक बच्चन और अंगद बेदी भी हैं।



# सीरियल 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में, एक दृढ़ संकल्पित महिला की दिल छूने वाली कहानी

मुंबई/एजेन्सी

सोनी सब के सीरियल 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में, एक दृढ़संकल्पित महिला पुष्पा (करुणा पांडे) की दिल छूने वाली कहानी बताई गई है, जो जीवन की चुनौतियों का डटकर सामना करती है और कभी उम्मीद नहीं खोती। 'पुष्पा इम्पॉसिबल' के हाल के एपिसोड्स में, दर्शकों ने देखा कि कैसे स्वरा (वृही कोडवारा) ने अपने स्कूल पिकनिक के दौरान एक हत्या होते हुए देखी। हत्यारा, सारंग (रानेंद्रे जैन) स्वरा को देता है, जिससे वह किसी के सामने उसकी पहचान उजागर न करे।आगामी एपिसोड्स में, सारंग खुद को पुलिस द्वारा पकड़े जाने से बचाने के लिए उसी चॉल में पहुंचता है जहां स्वरा रहती है। चॉल के निवासियों को पता नहीं है कि स्वरा ने अपने स्कूल पिकनिक के दौरान क्या देखा था।

स्वरा ने चॉल में सारंग को देखा और तुरंत डर गई। वह उससे छिपने और बचने की कोशिश करती है, लेकिन उसका डर उसके चेहरे पर साफ दिखता है। पुष्पा स्वरा के अजीब बर्ताव को देखती है और चिंतित हो जाती है। हालांकि, उसे एहसास होता है कि सारंग की मौजूदगी के कारण स्वरा के बर्ताव में बदलाव आ रहा है। सच का पता चलने पर, पुष्पा अपने परिवार को सारंग के खतरे से बचाने का फैसला करती है।

पुष्पा की भूमिका निभा रहीं करुणा पांडे ने कहा, नन्हीं स्वरा के लिए अपनी आंखों के सामने ऐसी भयावह घटना देखना बेहद मुश्किल था। मुझे वाकई उम्मीद है कि किसी भी बच्चे को कभी भी ऐसे दुखद अनुभवों से नहीं गुज़रना पड़े। स्वरा ने बेहतरीन परफॉर्मेंस दिया है, जिसमें इस स्थिति की गंभीरता को स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है। डर और चिंता की भावनाओं को व्यक्त करने की उसकी क्षमता सराहनीय है। अब पुष्पा के लिए अगली चुनौती न केवल अपने परिवार को बल्कि पूरे चॉल को सुरक्षित रखना है। पुष्पा इम्पॉसिबल हर सोमवार से शनिवार रात 9:30 बजे, सोनी सब पर प्रसारित होता है।

# सरकार से सवाल पूछने वाली फिल्में बनाना जोखिम भरा : कमल हासन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई। हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता कमल हासन ने कहा कि कलाकार देश के नागरिक हैं और उन्हें अधिकारियों को जवाबदेह ठहराने का पूरा अधिकार है। इसी के साथ उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि सरकार से सवाल पूछने वाली फिल्में बनाना 'जोखिम' भरा है। अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म 'हिंदुस्तानी 2: जीरो टॉलरेंस' के ट्रेलर लॉन्च के अवसर पर यह बात कही। इस फिल्म में वह सेनापति की भूमिका में नजर आएंगे, जिन्होंने पहले तो भारत को अंग्रेजों से आजादी दिलाने के लिए लड़ाई लड़ी और फिर बाद में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद की।

तमिल में 'इंडियन 2: जीरो टॉलरेंस' शीर्षक वाली यह आगामी फिल्म कमल हासन की 1996 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'इंडियन' का 'सीक्वल' है, जिसमें उन्होंने दोहरी भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का भी निर्देशन शंकर करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या आज सरकार से सवाल पूछने वाली फिल्में बनाना कठिन है, अभिनेता ने कहा कि यह समस्या ब्रिटिश शासन के समय से चली आ रही है।

कमल हासन ने यहां संवाददाताओं से कहा, लोग तब भी फिल्में बनाते थे। हम ऐसी फिल्में बनाते रहेंगे और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि सत्ता पर कौन आसीन है। यह सिर्फ फिल्म निर्माता का अधिकार नहीं है बल्कि सवाल पूछना नागरिकों का भी अधिकार है। उन्होंने कहा, हम कलाकार आप लोगों के बीच बहुत से लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। तालियों की बदौलत हम मानते हैं कि हम आपके प्रतिनिधि हैं इसलिए हम सजा के बारे में सोचे बिना निर्भीकता से बात करते हैं। हां, इसमें जोखिम जरूर है और सरकार नाराज भी हो सकती है, लेकिन आपकी कमजोर तालियां उस आग को बुझा देती हैं इसलिए तालियों की गड़गड़ाहट को और तेज करें।



कमल हासन (69) ने कहा कि देश में व्याप्त भ्रष्टाचार के लिए न केवल नेता बल्कि नागरिक भी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, हम सभी भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार हैं और हमें अपनी सोच बदलनी चाहिए। अपनी सोच बदलने का सबसे अच्छा समय चुनाव के दौरान होता है। ये सिर्फ याद दिलाते हैं कि हम कितने भ्रष्ट हो गए हैं... भ्रष्टाचार की वजह से कुछ भी नहीं बदला है। सामूहिक चेतना की बदौलत ही सब कुछ बदलेगा।

अभिनेता-फिल्म निर्माता ने कहा कि वे महात्मा गांधी के प्रशंसक हैं, लेकिन वे उदारता की विचारधारा को नहीं मानते। कमल हासन ने साल 2000 में रिलीज हुई फिल्म 'हे राम' का निर्देशन और उसमें अभिनय भी किया था। यह फिल्म महात्मा गांधी की हत्या पर आधारित थी। उन्होंने कहा, मैं गांधी जी का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। वे कहते हैं कि उन्होंने आपको सहनशीलता सिखाई, 'आप सहनशीलता के बारे में क्या सोचते हैं?' मैं कहता हूं कि मैं उस सहिष्णुता में बहुत ज्यादा यकीन नहीं रखता। गांधी जी मेरे हीरो हैं। लेकिन आप किसको बर्दाश्त करते हैं? किसी दोस्त को तो नहीं बर्दाश्त करते। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि दुनिया में दोस्ती बढ़े। आप जो बर्दाश्त करते हैं, वह सिरदर्द है। जो कुछ भी समाज के लिए सिरदर्द है, उसके प्रति आपकी सहनशीलता शून्य होनी चाहिए। कोई दवा खोजें, उसे खत्म करें।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जीवन अनिश्चितताओं से भरा लंबा यात्रा-पथ है। यहां किसी के जीवन में कुछ भी घटित हो सकता है। हमारे मन का सोचा हुआ सब सार्थक होगा, यह मानकर चलना बहुत बड़ी भूल है। इसीलिए अच्छे अवसरों का लाभ उठाने का भरपूर प्रयत्न करना चाहिये। जीवन की सफलता का यही मूलमंत्र है। अक्सर देखा जाता है कि लक्ष्मीदेवी तिलक करने द्वार पर आयी और मनुष्य मुंह धोने के लिए चला गया। जब वह वापस लौटा, तब तक लक्ष्मी विदा हो चुकी थी। नीति और धर्मशास्त्रों ने इसे निपट मूर्खता कहा है।

# जीने की शैली व्यवस्थित करें, जीवन स्वतः सफल हो जायेगा : मुनि रश्मि कुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



सेलम। स्थानीय तेरापंथ भवन में आचार्य महाश्रमण के शिष्य मुनि रश्मि कुमार एवं मुनि प्रियांशु कुमार के सान्निध्य में धर्माराधना जोरों से गतिमान है। दोनों ही संत अथक श्रम कर श्रावकों को जीवन में उत्कृष्टता लाने के लिए विभिन्न विषयों पर दोनों प्रहर मंगल प्रवचन से प्रेरित कर रहे हैं। मुनि रश्मि कुमार कहते हैं नर हो या नारी, साधु हो या गृहस्थ-मनुष्य का जीवन त्यागमय और चेतनायुक्त होना चाहिए। इसके अलावा आवश्यक है हमें अपने आचरण में सहनशीलता का विकास करने की। गुरुदेव तुलसी द्वारा प्रदत्त व्यवहार बोध की गाथाओं का उल्लेख करते हुए मुनिश्री ने सहनशीलता का महत्व बताया। तीसरा और महत्वपूर्ण सूत्र बताया स्वार्थरहित व्यवहार। दैनिक विषय का प्रारंभ मुनि रश्मि कुमार एवं मुनि प्रियांशु कुमार एक मधुर सांदर्भिक भजन के साथ करते हैं।

संत फरमाते हैं कि केवल अच्छा इंसान मात्र बनने से हम स्वयं और हमारा परिवार निरापद सुखी रह सकता है। भाई-भाई में सम्पत्ति विवाद, परिवार में क्लेश, दाम्पत्य जीवन में विघटन जैसी विकट समस्याओं से समाज को निजात मिल सकता है। जीवनशैली को बेहतर बनाने के उपाय स्वरूप मुनि रश्मि कुमार जी जप, ध्यान, ध्वनि प्रयोग, स्वाध्याय आदि की प्रेरणा देते हैं।



# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सेलम। दक्षिण रेलवे के सेलम मंडल की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 27 जून को मंडल रेल प्रबंधक पंकजकुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अपर मंडल रेल प्रबंधक व अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी पी. शिवलिंगम, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी चेन्नई बिनीता सोय भी उक्त बैठक में उपस्थित थे। बैठक के दौरान राजभाषा संबधी प्रगति को देखकर मंडल रेल प्रबंधक सिन्हा ने राजभाषा अनुभाग, मंडल कार्यालय की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हिंदी प्रशिक्षण में उत्कृष्ठ कार्य हो रहा है। साथ ही बैठक के दौरान राजभाषा संबंधी के विभिन्न पहलू जैसे कार्यान्वयन, स्टेशन बोर्डों की वर्तनी संबंधी सुधार, नगर राजभाषा कार्यान्वयन, कार्यशालाएं, सभी प्रकार के अनुवाद संबंधी कार्यों आदि में प्रगति की भी प्रशंसा की। बैठक के दौरान राजभाषा में श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन के लिए राजभाषा चलशील्ड कार्मिक शाखा को प्रदान किया गया।






# दो दिवसीय अंतरविद्यालय शतरंज खेल प्रतियोगिता का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां 26 व 27 जून को अग्रवाल विद्यालय में दो दिवसीय 'अग्रकिंग अंतरविद्यालय शतरंज खेल प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। खेल के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को शतरंज खेल के प्रति रुचि बढ़ाकर उनके अंदर की छिपी प्रतिभा को निखारना है एवं छात्रों को इस तरह का मौका देकर प्रोत्साहित करने से ही हम भारत को गौरव प्रदान करने वाले विश्वनाथ आनंद जैसे प्रतिभाशाली व्यक्ति की तलाश कर सकेंगे।

इस आयोजन में 45 विद्यालयों से 400 से भी अधिक संख्या में छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर अंतराष्ट्रीय मध्यस्थ बी. एस. ने मुख्य अतिथि पद को गौरवांवित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सी. विजयलक्ष्मी जी ने स्वागत भाषण से सभी आतिथियों का स्वागत किया। संयुक्त पत्राचारक श्रीमती शालिनी अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ, कोषाध्यक्ष सावरमल खेमका ने शॉल ओढाक़र तथा क्रीडा समिति के अध्यक्ष गौरव जैन ने स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि का सम्मान किया।

मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अभ्यास एवं एकाग्रता इन दो मूल मत्रों से ही सफलता की सीढी तक पहुंचा जा सकता है। अण्डर 11, अंडर 14 और अंडर 18 के प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के समिति सदस्यों के अतिरिक्त शिक्षकगणों, अभिभावकों तथा छात्रों ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मंच का संचालन अध्यापिका जयश्री ने किया। अंत में पी.टी.विभागाध्यक्ष अनिल कुमार के धन्यवाद ज्ञापन किया।

## स्वर्ण मुकुट भेंट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर के साईबाबा कॉलोनी स्थित श्री मुनिसुव्रत स्वामी जैन मंदिर में गुरुवार को स्नात्र पूजन का आयोजन किया गया। लाभार्थी बीना संजय मैसेरी परिवार ने पूजन किया। इस मौके पर मैसेरी परिवार द्वारा शुद्ध सोने से बना एक मुकुट भगवान शांतिनाथ को भेंट किया गया।

## पुष्पांजलि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत





ऊटी में गुरुवार को वेलिंगटन के स्टेशन मुख्यालय में फील्ड मार्शल पदमभूषण पद्म से सम्मानित मानेकशॉ की 16वीं पुण्य तिथि के मौके पर पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वाट्स, वाईएसएम, एसएम, वीएसएम, कमांडेंट, डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन ने सम्मानित सैनिक के अंतिम विश्राम स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। वेलिंगटन के स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर सुनील कुमार यादव ने स्थानीय पारसी समुदाय की उपस्थिति में महान सैन्य नेता को माला पहनाई। फील्ड मार्शल एसएचएफजे मानेकशा का जन्म 03 अप्रैल 1914 को अमृतसर में हुआ था। उनका चार दशकों से अधिक का शानदार सैन्य करियर था। द्वितीय विश्व युद्ध में एक युवा कप्तान के रूप में, उन्होंने बर्मा में कार्रवाई देखी और गंभीर रूप से घायल हो गए। दुश्मन के सामने बहादुरी के लिए उन्हें 1942 में मिलिट्री क्रॉस से सम्मानित किया गया था। उन्हें 1968 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। फील्ड मार्शल एसएचएफजे मानेकशा ने 08 जनवरी 1969 को सेना प्रमुख का पद संभाला। उन्होंने 1971 के ऑपरेशन में भारतीय सेना का नेतृत्व किया और भारत की सबसे बड़ी सैन्य जीत को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जिसके परिणामस्वरूप 13 दिनों की छोटी अवधि के भीतर बांग्लादेश को आजादी मिली। 1972 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। सेना और राष्ट्र के लिए जनरल ऑफिसर के उत्कृष्ट योगदान की मान्यता में, उन्हें 15 जनवरी 1973 को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया था। 27 जून 2008 को उन्होंने अंतिम सांस ली। .

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## आमंत्रण

कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप जैन, उपाध्यक्ष अश्विन सेमलानी व सचिव रविंद्र बंबोली ने डिप्टी पुलिस कमिश्नर ट्रैफिक आईपीएस अधिकारी कुलदीप जैन से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें 16 जुलाई से बेंगलूरु गायत्री विहार सभागार में शुरु होने वाले ट्रेड फेयर में बतौर विशिष्ठ अतिथि के रुप में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया तथा ट्रेड फेयर की जानकारी दी।




# जीतो बिज़नेस नेटवर्क जेबीएन रेफरल मीट वी-कनेक्ट का हुआ आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। 'टाटा से लेकर बिड़ला तक, अंबानी से लेकर अडानी तक हर बड़े बिजनेसमैन ने किसी न किसी फॉर्मूले और सीक्रेट से अपने बिजनेस को छोटे से बड़े तक बढ़ाया है। अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए आपको किसी अनुभवी बिजनेस कोच की मदद चाहिए जो हमें आगे बढ़ा सके।'यह विचार जीतो लेडीज विंग द्वारा संचालित जीतो बिज़नेस नेटवर्क जेबीएन रेफ़रल मीट वी-कनेक्ट जीतो कार्यालय राजाजीनगर में एलिराह की निदेशक व मुख्य प्रशिक्षक नेहा चौधरी ने व्यक्त किए।

नेहा ने मुख्य बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित कराते हुए ग्राहकों को जोड़ने की रणनीति बताई। उन्होंने कहा कि अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए आपको रोजाना अपडेट करते रहना होगा। साथ में आपको यह जानने की कोशिश करनी चाहिए कि पहले आपका बिजनेस कैसा था और आज आपका बिजनेस कितना आगे बढ़ चुका है। कोई बिजनेस शुरू करो तो उसे समय दो और समझो।

सुमन रांका ने लैब में विकसित हीरे की जानकारी देते हुए कहा कि हीरा एक अनमोन रत्न है। यही वजह है कि किसी भी बेहतर व्यक्ति या चीज की तुलना हीरे से की जाती है। सगाई की अंगूठियों से लेकर बढ़िया गहनों तक, हीरे रोजमर्रा के जीवन में इतने आम हैं कि अक्सर सब यह सोचते हैं कि आखिर वे कहां से आए हैं, लेकिन इन छोटे रत्नों के निर्माण से लेकर गहनों की दुकान तक की यात्रा वास्तव में काफी प्रभावशाली है। उन्होंने हीरा ख़रीदने पर सावधानी बरतने के मुख्य बिन्दु बताये।

जीतो चैप्टर चेयरमैन इंदरचंद बोहरा, महामंत्री सुधीर गादिया, संयोजक कमल पुनमिया लेडीज विंग अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी, महामंत्री सुमन वेदमुथा, जेबीएन रेफ़रल उपाध्यक्ष पिंकी मेहता, रक्षा छाजेड़ ने शुभकामना दी। जेबीएन सदस्यों ने 30 सेकंड में अपने -अपने व्यवसाय के बारे में साझा करने का अवसर मिला। बैठक में रेफरल की कुल संख्या 155 रही। सदस्यों को उनके असाधारण योगदान के लिए डोर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। अध्यक्ष सुमन रांका ने सभी का स्वागत किया। सचिव सीमा शाह ने धन्यवाद दिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




## एस्टर सीएमआई प्लेटिनम प्रमाणन

भारत में सबसे बड़े एकीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में से एकएस्टर डीएम हेल्थकेयर को डिजिटल स्वास्थ्य के लिए अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएच)के शीर्ष स्तरीय प्लेटिनम प्रमाणन प्राप्त करने वाले दक्षिण भारत के पहले अस्पताल के रूप में बेंगलूरु के एस्टर सीएमआई अस्पताल को मान्यता मिली। इन मानकों का उद्देश्य डिजिटल स्वास्थ्य प्रक्रियाओं को अपनाने को प्रोत्साहित करके दैनिक देखभाल गुणवत्ता, रोगी सुरक्षा और समग्र परिचालन दक्षता को बढ़ाना है।

# ट्रेन के कूड़ेदान से मिला नवजात शिशु का शव

बेंगलूरु। कर्नाटक रेलवे पुलिस ने बेंगलूरु में एक ट्रेन के कूड़ेदान से एक नवजात शिशु का शव बरामद किया है। यह घटना गुरुवार को सामने आई, जिसके बाद यशवंतपुर रेलवे पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि उसने बच्चे का शव प्रशांति एक्सप्रेस से बरामद किया, जो बुधवार को भुवनेश्वर से बेंगलूरु के येलहंका रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी। उन्होंने कहा कि बच्चे को सफेद कपड़े में लपेटकर कूड़ेदान में फेंक दिया गया था। जब यात्रियों ने कूड़ेदान में बच्चे को देखा तो उन्होंने रेलवे अधिकारियों को इसकी सूचना दी। रेलवे पुलिस को संदेह है कि बच्चे का जन्म ट्रेन में हुआ था और जन्म के तुरंत बाद उसे कूड़ेदान में फेंक दिया गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है ताकि पता लगाया जा सके कि वास्तव में आखिर हुआ क्या था।



# अच्छे अवसरों का लाभ उठाने का भरपूर प्रयत्न ही सफलता का मूलमंत्र है : आचार्य विमलसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के टी. नरसिंहपुरा रोड स्थित आदिश्वर वाटिका के प्रांगण में श्रद्धालुओं की धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि जीवन अनिश्चितताओं से भरा लंबा यात्रा-पथ है। यहां किसी के जीवन में कुछ भी घटित हो सकता है।

हमारे मन का सोचा हुआ सब सार्थक होगा, यह मानकर चलना बहुत बड़ी भूल है। इसीलिए अच्छे अवसरों का लाभ उठाने का भरपूर प्रयत्न करना चाहिये। जीवन की सफलता का यही मूलमंत्र है। अक्सर देखा जाता है कि लक्ष्मीदेवी तिलक करने द्वार पर आयी और मनुष्य मुंह धोने के लिए चला गया। जब वह वापस लौटा, तब तक लक्ष्मी विदा हो चुकी थी। नीति और धर्मशास्त्रों ने इसे निपट मूर्खता कहा है। उन्होंने कहा कि समय किसी की प्रतीक्षा नहीं करता। जागृत आत्माएं समय का सदुपयोग कर लेती हैं। जो आत्माएं प्रमाद या आलस्य में जीती हैं, वे अच्छी संभावनाओं को समाप्त कर देती हैं। प्रस्तावित वर्षावास आपके लिए ज्ञानार्जन और साधना का स्वर्णिम उपहार है। यह मात्र धार्मिक क्रियाओं का आयोजन नहीं, सम्पूर्ण जीवन विज्ञान है। समय बताएगा कि वर्षावास को आपने अपने लिये हीरा बनाया या कंकर।

इससे पूर्व आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी और गणि पद्मविमलसागरजी अपने शिष्य-प्रशिष्यों के साथ जेएसएस डेंटल कॉलेज से विहार कर आदिश्वर वाटिका पहुंचे। हर्ष-उल्लास के साथ श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। बड़ी संख्या में भक्तगण जैनाचार्य के साथ पदयात्रा में सम्मिलित हुये। शुक्रवार प्रातः 9 बजे आदिश्वर वाटिका में धर्मसभा का आयोजन किया गया है। कल्याण मित्र वर्षावास समिति के कांतिलाल चौहान ने बताया कि वर्षावास को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.